जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 47 संख्याः 182 प्रभात बीकानेर, शनिवार 24 जनवरी, 2026 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

# दिल्ली में हुई केरल प्रदेश कांग्रेस की बैठक में शामिल नहीं हुए शशि थरूर

## चर्चा है कि वे राहुल गांधी से उचित सम्मान नहीं मिलने के कारण ख़फा हैं

- सूत्रों ने कहा कि थरूर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम, कोझीकोड़े लिटरेचर फैस्टिवल में व्यस्तता के कारण नहीं आ पाए, हालांकि, पूर्व में यह भी खबर थी कि वे केरल के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक में वर्चुअली शामिल होंगे।
- काफी समय से थरूर और कांग्रेस नेतृत्व के रिश्ते खराब चल रहे हैं, खासकर थरूर द्वारा समय-समय पर प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करने के कारण।
- थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार के रूख की तारीफ की और यही नहीं, भारत सरकार ने उन्हें ऑपरेशन सिंदूर पर अपना पक्ष रखने के लिए विदेश दौरे पर जाने वाली टीम में भी शामिल किया था।
- कांग्रेस में बार-बार यह आरोप लग रहा है कि थरूर भाजपा में जाने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि जिसका थरूर ने खंडन भी किया है।
- लेकिन थरूर के कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल नहीं होने से यह तल्खी बढ़ती जा रही है और अटकलों का बाज़ार भी गर्म हो रहा है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। ऐसी खबरें हैं कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जिनके बारे में खबरें हैं कि वे राहुल गांधी से पर्याप्त सम्मान नहीं मिलने के कारण "नाराज" हैं। उम्मीद थी कि वे केरल विधानसभा चुनाव, जो इस साल के अंत में होने वाले हैं, की तैयारियों की समीक्षा के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में भाग लेंगे। थरूर के करीबी सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि वे बैठक में वर्चुअली भाग लेंगे।

सत्रों के मुताबिक, थरूर पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण मीटिंग में नहीं आए। उन्हें कोझिकोडे लिटरेचर फैस्टिवल में भाग लेना था।

कांग्रेस के राज्य इकाई के प्रमुख नेताओं की गांधी और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में इस दोपहर मुलाकात हुई। राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद, थरूर से उम्मीद की जा रही थी कि वे बैठक में शामिल होंगे, हालांकि इन दिनों पार्टी से उनके रिश्ते बहुत अच्छे नहीं हैं और वे पहले भी कांग्रेस पार्टी की कई मीटिंग्स में नहीं आए।

जाने माने कूटनीतिज्ञ थरूर के कांग्रेस नेतृत्व के साथ तलख रिश्ते हैं, खासकर उनके द्वारा प्रधानमंत्री और सत्ताधारी भाजपा की प्रशंसा करने वाले टिप्पणियों के कारण।

इनमें अप्रैल 22 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर (पाकिस्तान पर प्रतिशोधी सैन्य हमले) के संदर्भ में प्रधानमंत्री की सराहना करने वाले बयान शामिल हैं, साथ ही पार्टी और उसके नेतृत्व के मुद्दों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आज हाई कोर्ट में कार्यदिवस, वकील पैरवी नहीं करेंगे

जयपुर, 23 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ द्वारा इस साल से माह में दो शनिवार न्यायिक कार्य दिवस घोषित करने पर शनिवार को वर्किंग डे रहेगा, हालांकि वकीलों ने विरोध स्वरूप स्वेच्छा से न्यायिक कार्य से दूर रहकर पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है। वकीलों में इस बात का भी रोष है कि मामले में गठित कमेटी की रिपोर्ट से

- वकीलों की शिकायत है कि उन्हें पाँच जनों की कमेटी की रिपोर्ट की जानकारी दिये बिना शनिवार की सूची बनाई गई।

वकीलों को अवगत नहीं कराया गया। ऐसे में हाईकोर्ट बार, जयपुर और जोधपुर स्थित एडवोकेट्स एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है।

हाईकोर्ट बार अध्यक्ष राजीव सोगरवाल ने बताया कि पूर्व में इस संबंध में विवाद होने पर हाईकोर्ट प्रशासन ने पांच जजों की कमेटी बनाई थी। जिसे 21 जनवरी तक एक्टिंग सीजे को रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन इस कमेटी की रिपोर्ट की जानकारी एसोसिएशन को नहीं दी गई और शनिवार को मुकदमों की सुनवाई की सूची जारी कर दी गई।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अगले सप्ताह एमेज़ॉन 14,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगा

## ये सभी पद मैनेजमैंट वर्ग से संबंधित हैं

- कंपनी से जुड़े दो लोगों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि यह सब एआई की वजह से हो रहा है।
- ज्ञातव्य है कि एमेज़ॉन ने 30,000 कर्मचारियों की छंटनी का लक्ष्य तय किया है। इसका पहला चरण गत वर्ष अक्टूबर में हुआ था, जिसमें 14,000 कर्मचारी निकाले गए थे और दूसरा चरण मंगलवार को हो सकता है, उसमें भी इतने ही कर्मचारी निकाले जाएंगे।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। एमेज़ॉन 30 हजार कर्मचारियों की छंटनी करने के व्यापक लक्ष्य के तहत, अगले सप्ताह कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रहा है। यह जानकारी मामले से परिचित दो व्यक्तियों को दी।

कंपनी ने अक्टूबर में मैनेजमैंट से संबंधित लगभग 14,000 नौकरियाँ कम की थीं, जो कि 30,000 के लक्ष्य का लगभग आधा था, जैसा कि पहले रॉयटर्स ने रिपोर्ट किया था। इस बार कुल संख्या पिछले वर्ष के समान ही होने की संभावना है और यह मंगलवार से शुरु हो सकती है, जिन लोगों ने यह जानकारी दी, उन्होंने नाम गोपनीय रखते हुए कहा कि उन्हें एमेज़ॉन की योजनाओं पर चर्चा करने की अनुमति नहीं है।

लेकिन एमेज़ॉन के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार किया।

कंपनी के एमेज़ॉन वेब सर्विसेज, रिटेल, प्राइम वीडियो और मानव संसाधन (जिसे "पीपल एक्सपीरियंस और टेक्नोलॉजी के नाम से जाना जाता है) विभागों में कर्मचारियों की छंटनी होने की संभावना है, हालांकि इसका पूर्ण विवरण स्पष्ट नहीं था। इन लोगों ने यह भी चेतावनी दी कि एमेज़ॉन की योजनाओं के विवरण में बदलाव हो सकता है।

सिएटल ऑनलाइन रिटेलर ने अक्टूबर में की गई छंटनी को आर्टिफिशियल इन्टैलिजैंस सॉफ़्टवेयर के बढ़ते प्रभाव से जोड़ा था, और एक आंतरिक पत्र में कहा था कि "एआई की यह पीढ़ी इंटरनेट के बाद सबसे परिवर्तनकारी तकनीक है, और यह कंपनियों को पहले से कहीं अधिक तेजी से नवाचार करने की क्षमता प्रदान कर रही है।"

हालांकि, कंपनी के सीईओ एंडी जैसी ने कंपनी की तीसरी तिमाही की आय पर विश्लेषण के दौरान विश्लेषकों से कहा था कि यह छंटनी "वास्तव में वित्तीय कारणों से नहीं है और न ही यह पूरी तरह से एआई से प्रेरित है। इसके बजाय, एक तरह का चलन है, यानी कंपनी में बहुत अधिक नौकरशाही हो गई है।"

उन्होंने कहा, जब कंपनी बढ़ती है तो कर्मचारियों की संख्या बढ़ जाती है और उनके स्तर भी बढ़ जाते हैं।"

जैसी ने पहले 2025 में कहा था कि वे उम्मीद करते हैं कि एमेज़ॉन का कॉर्पोरेट कार्यबल धीरे-धीरे घटेगा, क्योंकि एआई के उपयोग से दक्षताएँ प्राप्त होंगी।

कंपनियाँ लगातार एआई का उपयोग अपने सॉफ़्टवेयर के लिए कोड लिखने और सामान्य कार्यों को स्वचालित करने वाले एआई एजेंटों को अपनाने में कर रही हैं, क्योंकि वे लागत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई कोर्ट जज से उलझने वाले वकील को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई

## वकील महेश तिवारी ने हाई कोर्ट द्वारा जारी अपराधिक अवमानना नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की

- ज्ञातव्य है कि वकील महेश तिवारी ने गत वर्ष 16 अक्टूबर का झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार के साथ तीखी बहस की और उन्हें हद पार नहीं करने की चेतावनी तक दे डाली थी। इस पर उन्हें अपराधिक अवमानना का नोटिस मिला था और बहस का वीडियो भी वायरल हो गया।
- महेश तिवारी को अवमानना नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट आने पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कड़ी फटकार लगाई।

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 23 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वकील को कड़ी फटकार लगाई, जिसने पिछले साल कोर्ट रूम में झारखंड हाई कोर्ट के एक जज के साथ हुई जुबानी झड़प को लेकर, उसको जारी किए गए क्रिमिनल कंटेम्प्ट (अपराधिक अवमानना) नोटिस के खिलाफ शीर्ष कोर्ट में याचिका दायर की थी।

वकील महेश तिवारी ने 16 अक्टूबर को न्यायमूर्ति राजेश कुमार के साथ तीखी बहस की थी, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बहस के दौरान, तिवारी ने न्यायमूर्ति कुमार से कहा था, आप "सीमा पार नहीं करें।"

झारखंड हाई कोर्ट ने इसके बाद तिवारी के खिलाफ क्रिमिनल कंटेम्प्ट नोटिस जारी किया, जिसके बाद वे सुप्रीम कोर्ट गए थे।

लेकिन, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने तिवारी को हाई कोर्ट की कन्टेम्प्ट प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट आने के लिए फटकार लगाते हुए कहा, "वे सुप्रीम कोर्ट से सिर्फ एक आदेश चाहते थे, ताकि वे दिखा सकें कि आपने "क्या बिगाड़ लिया मेरा।"

चीफ जस्टिस ने कहा, "अगर वे माफी मांगना चाहते हैं, तो माफी मांगें। अगर वे जजों को आंख दिखाना चाहते हैं, तो आगे बढ़ सकते हैं। हम यहाँ बैठे हैं, और फिर हम भी देखेंगे।"

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि तिवारी माफी मांगते हैं, तो हाई कोर्ट को भी इसे सहानुभूतिपूर्वक देख लेना चाहिए।

महेश तिवारी ने न्यायमूर्ति राजेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दुष्कर्म मामले में आरोपी क्रिकेटर को अनुसंधान में शामिल होने के निर्देश

जयपुर, 23 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म करने से जुड़े मामले में आरोपी क्रिकेटर यश दयाल को तीस जनवरी तक जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अनुसंधान में शामिल होने के आदेश

- हाई कोर्ट ने क्रिकेटर को अंतरिम राहत देते हुए गिरफ्तारी पर रोक भी लगाई।

दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने यश दयाल को अंतरिम राहत देते हुए उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश यशदयाल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अग्रिम जमानत याचिका में कहा गया कि पीड़िता साल 2023 में कानपुर में घटना होना बता रही है, जबकि मामला दो साल बाद जयपुर के सांगानेर थाने में दर्ज कराया है। इसके अलावा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बांग्लादेश चुनावों में दखल दे रहा है अमेरिका'

## बांग्लादेश की निर्वासित प्र.मंत्री शेख हसीना ने एक रिकॉर्डेड ऑडियो मैसेज में आरोप लगाया

- भारत में निर्वासित जीवन जी रही शेख हसीना ने बांग्लादेश की अराजकता और हिंसा के लिए पहली बार यूनुस सरकार की कड़ी आलोचना की।
- शेख हसीना ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में अमेरिकन डिप्लोमैट्स इस्लामी चरमपंथियों से संपर्क कर रहे हैं।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपना देश छोड़कर भागने के बाद, सार्वजनिक रूप से पहली बार वहां की मौजूदा सरकार की लगातार अराजकता और कानून व्यवस्था की खराब हालत के लिए आलोचना की है।

नई दिल्ली के फॉरेन करेस्पॉन्डेंट्स क्लब में चलाए गए एक रिकॉर्डेड ऑडियो संदेश में, शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस और अंतरिम प्रशासन को सीधे तौर पर अपने देश में बढ़ती अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि मौजूदा शासन केवल विदेशी ताकतों की सेवा कर रहा है और आम लोगों की वास्तविक समस्याओं को नज़रअंदाज़ कर रहा है।

संकेतों में उन्होंने कहा कि अमेरिका देश की चुनाव प्रक्रिया में सीधे हस्तक्षेप कर रहा है। साथ ही ऐसी रिपोर्टें भी सामने आई हैं, जिनसे साफ संकेत मिलता है कि बांग्लादेश में अमेरिकी राजनयिक इस्लामी कट्टरपंथी संगठनों से संपर्क बना रहे हैं और अशांत हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

रिपार्ट साफ बता रही हैं कि अमेरिकी दूतावास के प्रतिनिधि बांग्लादेश के उत्तरी जिले सिलहट गए थे, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। यह संगठन भारत-विरोधी और पाकिस्तान-समर्थक के रूप में जाना जाता है। ये लोग बांग्लादेश को एक कट्टर इस्लामी राष्ट्र बनाने की मुहिम चला रहे हैं।

बांग्लादेश में दो महीनों में संसदीय चुनाव होने हैं और सत्ता हासिल करने के लिए जोरदार जोड़-तोड़ चल रही है। पूरा चुनावी माहौल काफी हद तक भारत से रिश्तों के मुद्दे पर टिका हुआ है। हालांकि बांग्लादेश को पाकिस्तान की सेना से आज़ाद कराने में भारत की अहम भूमिका रही थी, लेकिन इसके बावजूद, देश जल्दी ही एक इस्लामी गणराज्य में बदल गया और भारत-विरोधी रुख अपनाने लगा

1971 में आज़ादी पाने के तुरंत बाद, देश के महान स्वतंत्रता सेनानी शेख मुजीबुर रहमान की नृशंस हत्या कर दी गई। इसके बाद, एक के बाद एक, सैन्य तख्तापलट हुए और लोकतंत्र काफी समय बाद जाकर बहाल हो पाया।

लेकिन करीब डेढ़ साल पहले शेख हसीना की सरकार की बेदखली के बाद, देश पूरी तरह अराजकता और कानूनहीनता की स्थिति में डूब गया। बांग्लादेश में जमातियों का मुख्य गुस्सा खास तौर पर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ देखने को मिला।

शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से हिंदुओं पर हमलों की अनेक घटनाएं हुई हैं और कई हिंदू युवकों की खुलेआम हत्या की गई है। एक मामले में एक हिंदू गारमेंट फैक्ट्री कर्मचारी को पीट-पीटकर मार डाला गया और बाद में उसके शव को ठोकरें मारी गईं और आग लगा दी गई।

इस घटना से पूरी दुनिया में भय और आक्रोश पैदा हुआ था, जिसमें अमेरिका के कुछ सांसद भी शामिल थे। लेकिन अब वही अमेरिकी प्रशासन वहां के इस्लामी तत्वों से नजदीकी बढ़ाने की कोशिश कर रहा है और जमातियों से बातचीत की प्रक्रिया शुरू कर रहा है।

भारत के पड़ोस में अमेरिका की यह गतिविधि भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उत्तराखंड व कश्मीर घाटी में भारी हिमपात

नयी दिल्ली, 23 जनवरी। उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार को मौसम के बदले मिजाज के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कश्मीर घाटी और उत्तराखंड में हिमपात, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के कारण

- दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में भारी वर्षा।

जनजीवन खासा प्रभावित हुआ।

कश्मीर घाटी में भारी हिमपात और जम्मू संभाग में मूसलाधार बारिश के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। राजमार्ग पर फंसे यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रुकने और मौसम साफ होने तक प्रतीक्षा करने की सलाह दी गई है।

घाटी में हो रही हिमपात का सबसे व्यापक असर हवाई सेवाओं पर पड़ा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'चीन के पास फ्री पास था, भारत के पास यह सुविधा नहीं होगी'

## भारती ग्रुप के सीईओ सुनील भारती मित्तल के इस कथन में निहित है नई ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी की वास्तविकता

- मित्तल ने दावोस में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था का उभार निर्यात पर आधारित था। यह वह दौर था, जब तीन दशकों तक पश्चिमी देशों ने औद्योगिक आत्मनिर्भरता के बजाय सस्ते सामान को तवज्जो दी, जिसका चीन ने भरपुर फायदा उठाया और अपनी निर्माण क्षमता बढ़ाकर वह अन्तर्राष्ट्रीय सप्लाई चेन का जरूरी हिस्सा बन गया।
- मित्तल ने कहा, पर, भारत को यह सुविधा नहीं मिलेगी, क्योंकि अब विश्व में माहौल सख्त है और व्यापार अब सुरक्षा, राजनीति और परस्पर भरोसे का विषय बन चुका है।
- लेकिन मित्तल काफी आशावादी हैं, उनका कहना है कि फ्री पास नहीं होने का अर्थ यह नहीं है कि अवसरों की कमी है, भारत की सबसे बड़ी ताकत है, जनसंख्यात्मक, आर्थिक व रणनीतिक रूप से इसका आकार।
- मित्तल ने कहा, भारत जीतेगा इसलिए नहीं कि विश्व दयालु है, बल्कि इसलिए कि भारत को बाहर रखना विश्व के लिए कदापि व्यवहारिक नहीं है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जनवरी। दावोस में भारती समूह के संस्थापक सुनील भारती मित्तल की यह सीधी टिप्पणी, "चीन को फ्री पास मिला था, भारत को नहीं मिलेगा", आज की नई वैश्विक व्यापार सच्चाई को साफ तौर पर दिखाती है।

विश्व आर्थिक मंच में बोलते हुए मित्तल ने कहा कि वे दो उभरती अर्थव्यवस्थाओं की सीधी तुलना नहीं कर रहे थे। उनका कहना था कि वैश्विक व्यापार के नियम अब गहराई से बदल चुके हैं, और भारत की सफलता चीन मॉडल की पुरानी यादों पर नहीं, बल्कि बड़े पैमाने, मजबूती और रणनीतिक आत्मविश्वास पर निर्भर करेगी।

चीन का निर्यात आधारित उदय ऐसे समय में हुआ, जब वैश्वीकरण बेहद उदार दौर से गुजर रहा था। करीब तीन दशकों तक पश्चिमी देशों ने अपने उद्योगों की सुरक्षा से ज्यादा सस्ती वस्तुओं और कम महंगाई को प्राथमिकता दी। व्यापार घाटे बढ़ते रहे, सरकारी सब्सिडी को नजरअंदाज किया गया और भू-राजनीतिक जोखिमों को हल्के में लिया गया। चीन ने इस माहौल का पूरा फायदा उठाया, बड़े पैमाने पर मैनुफैक्चरिंग कपैसिटी (विनिर्माण क्षमता) खड़ी की, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से गहराई से जुड़ा और कड़ा विरोध शुरू होने से पहले ही विश्व अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन गया।

मित्तल ने कहा, भारत के पास यह सुविधा नहीं है। अब वैश्विक माहौल सख्त हो चुका है। व्यापार अब सिर्फ दक्षता का मामला नहीं रहा, बल्कि सुरक्षा, राजनीति और भरोसे से भी जुड़ गया है। टैरिफ फिर लौट आए हैं, औद्योगिक नीति दोबारा चर्चा में है और आपूर्ति श्रृंखलाओं को इस तरह बदला जा रहा है कि किसी एक देश पर निर्भरता कम हो। सेमीकंडक्टर, टेलीकॉम, रक्षा और स्वच्छ ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को तेजी से संरक्षण दिया जा रहा है। ऐसे माहौल में किसी भी देश को बिना विरोध के चीन जैसी पकड़ बनाने नहीं दी जाएगी। भारत के हर कदम पर उसकी प्रगति को परखा जाएगा, उस पर बातचीत होगी और चुनौती दी जाएगी।

फिर भी मित्तल का मूल तर्क आशावादी था। "फ्री पास" नहीं मिलने का मतलब यह नहीं कि मौके खत्म हो गए हैं। बल्कि इसका अर्थ है कि भारत को अलग रणनीति अपनानी होगी। उनके अनुसार, भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका पैमाना है, आर्थिक, जनसंख्यात्मक (डैमोग्राफिक) और रणनीतिक। लगभग 1.5 अरब लोगों का घरेलू उपभोक्ता आधार वैश्विक बातचीत में भारत की स्थिति को पूरी तरह बदल देता है। जो देश केवल विदेशी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बदरीनाथ के कपाट 23 अप्रेल को खुलेंगे

देहरादून, 23 जनवरी। बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी ग्रीष्मकालीन यात्रा के लिए 23 अप्रैल को विधि - विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। शुक्रवार को वसंत पंचमी के अवसर पर धाम के कपाट खुलने की

- परम्परा के अनुसार बसंत पंचमी के दिन कपाट खोलने की तिथि घोषित हुई।

तिथि घोषित की गई।

इससे पहले गुरुवार को डिम्मर से डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के सदस्य गाडू घड़ा के साथ ऋषिकेश के लिए रवाना हुए। आज सुबह पुजारी गाडू घड़ा लेकर नरेंद्रनगर राज दरबार पहुंचे। यहां परंपरागत तरीके से भगवान बदरी विशाल धाम कपाटोद्घाटन की तिथि घोषित की गई।जिसके अनुसार भगवान बदरी विशाल के कपाट आगामी 23 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में 6:15 बजे खोले जाएंगे। जबकि गाडू घड़ा यात्रा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**धन से हम जीवन की सारी सुख सुविधा तो हासिल कर सकते है, पर जीवन में सुकून केवल अच्छे कर्मों से ही आता है।**
**- अरविन्द कटोच**

# प्रकृति पर्यावरण और प्रदूषण

प्रकृति पर्यावरण और प्रदूषण एक दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति में कोई विकृति आएगी तो पर्यावरण बिगड़ेगा जिसका खामियाज़ा हमें प्रदूषण के रूप में उठाना होगा। इन तीनों में सामंजस्य हुआ तो मनुष्य को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। मानव के मनुष्य के जन्म के साथ ही उसका प्रकृति से निकट का सम्बन्ध जुड़ जाता हैं। प्रकृति अपनी चीजों का उपभोग स्वयं नहीं करती। हमारी आधारभूत जरूरतें जैसे हवा, पानी, भोजन आदि सभी प्रकृति से ही प्राप्त होते है साथ ही प्रकृति ने हमें कई प्रकार के फूल, पक्षियां, पशु, पेड़ पौधे, नीला आकाश, ज़मीन, नदिया, समुद्र, पहाड़, प्रदान किया है। जिससे मनुष्य एक बेहतर और अच्छा जीवन व्यतीत कर पाता है। यह कहा जा सकता है प्रकृति ही मानव का पोषण करती आई हैं। मनुष्य प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ रचना है। यदि मनुष्य प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करता रहा तो प्रकृति भी एक दिन इंसान के वजूद के साथ छेड़छाड़ शुरू कर देगी । मनुष्य का यह शरीर भी प्रकृति के पाँच तत्वों से मिल कर बना है, वायु, अग्नि, जल, आकाश, मिट्टी और फिर यह प्रकृति हीं इस शरीर को वापस अपने में मिला लेती है। हम पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व को जारी रखना चाहते हैं तो प्रकृति का संतुलन हर हालत में बनाये रखना होगा। यदि प्रकृति के अनुरूप हमने अपने आप को ढ़ाल लिया तो ठीक नहीं तो अस्तित्व समाप्त होने का खतरा उत्पन्न हो जायेगा।

प्रकृति व पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। प्राकृतिक संपदाओं के महत्व को समझना, उनका किफायती उपयोग करना, उनके संरक्षण को प्राथमिकता देना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। जल, जंगल और जमीन प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जिनके बगैर हमारी प्रकृति अधूरी है। प्रकृति के इन तीनों तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका सन्तुलन डगमगाने लगा है। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ कर रहे हैं, यह उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हम प्रकृति की चिंता नहीं करते और यही वजह है कि प्रकृति ने भी अब हमारी चिंता छोड़ दी है। हमनें बिना सोचे समझे संसाधनों का दोहन किया है। यही वजह है कि अब पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है और बाढ़, सूखा, सुनामी जैसी आपदाएं आ रही हैं। बरसों से पर्यावरण को हम इंसानों ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। प्रकृति से साथ इंसान का लगातार खिलवाड़ एक भयानक विनाश को आमंत्रण दे रहा है, जहां किसी को बचने की जगह नहीं मिलेगी। जल को व्यर्थ में बहा रहे हैं जंगलों को काट रहे हैं और जमीन पर जहरीले कीटनाशक का उपयोग करके उसकी उर्वरक क्षमता और उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं। प्रकृति पर मंडराता खतरा जस का तस बना हुआ है। सबसे बड़ा खतरा तो इसे ग्लोबल वार्मिंग से है। धरती के तापमान में लगातार बढ़ते स्तर को ग्लोबल वार्मिंग कहते है। वर्तमान में ये पूरे विश्व के समक्ष बड़ी समस्या के रुप में उभर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि धरती के वातावरण के गर्म होने का मुख्य कारण का ग्रीनहाउस गैसों के स्तर में वृद्धि है। इसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे प्रकृति पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा।

> **प्रकृति व पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। प्राकृतिक संपदाओं के महत्व को समझना, उनका किफायती उपयोग करना, उनके संरक्षण को प्राथमिकता देना हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। जल, जंगल और जमीन प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जिनके बगैर हमारी प्रकृति अधूरी है। प्रकृति के इन तीनों तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका सन्तुलन डगमगाने लगा है। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ कर रहे हैं, यह उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है।**

प्रकृति के संरक्षण का अर्थ है कि वनों,भूमि,जल निकायों का संरक्षण और खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों आदि जैसे संसाधनों का संरक्षण, यह सुनिश्चित करने के लिए किये सभी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहें। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो आसानी से किए जा सकते हैं और एक बहुत बड़ा बदलाव ला सकत हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है।

इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। प्रकृति के संरक्षण से अभिप्राय जंगलों, भूमि, जल निकायों की सुरक्षा से है तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों जैसे संसाधनों की सुरक्षा से है जिससे यह सुनिश्चित हो सके किये सब प्रचुर मात्रा में मनुष्य के उपयोग के लिए उपलब्ध रहें। ऐसे कई तरीके हैं जिससे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। यहां कुछ ऐसे ही तरीकों का विस्तृतवर्णन किया गया है जिससे मानव जीवन को बड़ा लाभ हो सकता है।

पृथ्वी के पास हर इंसान की जरूरत पूरी करने के लिए काफी कुछ है, लेकिन उसके लालच को पूरा करने के लिए नहीं हैं। पृथ्वी पर पानी, हवा, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, पौधे आदि हर किस्म की जरूरत के लिए संसाधन है। लेकिन औद्योगिक विकास की होड़ में हम पृथ्वी को सफाई और उसके ही स्वास्थ्य को नजर अंदाज करने लगे हैं।

हम कुछ भी करने से पहले यह बिलकुल नहीं सोचते कि हमारी उस गति विधि से प्रकृति को कितना नकुसान होगा। प्रकृति का संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सबंधित है।

इनमें मुख्यतः पानी, धूप, वातावरण, खनिज, भूमि, वनस्पति और जानवर शामिल हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं।

मनुष्य का प्रकृति से अटूट सम्बंध है। प्रकृति की रक्षा, उसके संरक्षण और विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहे जीव-जंतु तथा वनस्पति की रक्षा का संकल्प प्रत्येक मानव का है। प्रकृति का संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सबंधित है। इनमें मुख्यतः पानी, धूप, वातावरण, खनिज, भूमि, वनस्पति और जानवर शामिल हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं।

मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण, वातवरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

हमारा शरीर प्रकृति के पांच तत्वों से मिल कर बना है। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तथा उससे अपनापन रखते हैं तो प्रकृति भी हमारे शरीर की रक्षा करेगी। हम अनेक प्रकार की बीमारियों से बचे रहेंगे। प्रकृति का संरक्षण मानव जाति का संरक्षण है क्योंकि ये प्राकृतिक तत्व ही हैं जो हमें जीवन देते हैं। ऐसे में यह समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने आसपास के प्रकृतिक संसाधनों की रक्षा करे।

**बालमुकुन्द ओझा,**
**अतिथि संपादक,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार।**

# राजस्थान का युवा केंद्रित विकास मॉडल - अवसर, विश्वास और सशक्त भविष्य



सुरभि मिश्रा

वसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए की गई घोषणाएं राजस्थान के दीर्घकालिक और समावेशी विकास की दिशा में एक स्पष्ट नीतिगत संकेत प्रस्तुत करती हैं। इस अवसर पर 1,000 करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न योजनागत सौगातों के माध्यम से यह प्रतिपादित किया गया है कि राज्य की विकास नीति का केंद्र उसका युवा वर्ग है और सरकार युवाओं को केवल भविष्य की आशा नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति मानती है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार यह विश्वास रखती है कि शिक्षा, कौशल, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों से युक्त युवा ही सशक्त राजस्थान की आधारशिला बन सकता है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के क्षेत्रों में समन्वित एवं परिणामोन्मुखी निर्णय लिए गए हैं, ताकि युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

शिक्षा और छात्र कल्याण को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के हित में 300 करोड़ रूपये से अधिक की राशि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की है। इसके अंतर्गत 3 लाख विद्यार्थियों को 126.81 करोड़ रूपये का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, 3.34 लाख विद्यार्थियों को 130 करोड़ रूपये की लागत से निःशुल्क साइकिल वितरण तथा 4.40 लाख विद्यार्थियों को 53 करोड़ रूपये की राशि का डायरेक्ट ट्रांसफर सुनिश्चित किया गया है।इन पहलों से न केवल शिक्षा से जुड़ा आर्थिक बोझ कम हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति निरंतरता और आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है।


राज्य सरकार शिक्षा को केवल अकादमिक उपलब्धि तक सीमित नहीं मानती, बल्कि उसे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक चेतना से जोड़ने पर भी बल देती है। इसी क्रम में 75 लाख विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदन जैसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षा के सांस्कृतिक और नैतिक पक्ष को सशक्त किया गया है। साथ ही, युवा संवाद तथा अभिभावक-शिक्षक संवाद जैसे कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि नीतियों का निर्माण जमीनी अनुभवों और सुझावों के आधार पर हो। युवाओं की प्रगति के लिए पारिवारिक सामाजिक सुरक्षा को एक महत्वपूर्ण आधार मानते हुए राज्य सरकार ने 700 करोड़ रूपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि का हस्तांतरण किया है। इससे कमजोर वर्गों को आर्थिक संबल मिला है और युवाओं पर पारिवारिक दायित्वों का दबाव कम हुआ है, जिससे वे अपने शैक्षिणक, व्यावसायिक और कौशल विकास के लक्ष्यों पर अधिक एकाग्रता के साथ आगे बढ़ पा रहे हैं।

रोजगार के क्षेत्र में राज्य सरकार ने पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं तथा आगामी एक लाख पदों के लिए भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया गया है। इससे युवाओं में यह विश्वास सुदृढ़ हुआ है कि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष, स्पष्ट और समयबद्ध होगी। इसके साथ ही सरकार यह भी स्वीकार करती है कि बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में केवल सरकारी नौकरी ही रोजगार का एकमात्र माध्यम नहीं हो सकती। इसी सोच के साथ युवा नीति-2026 और रोजगार नीति-2026 को लागू किया गया है। इनके अंतर्गत निजी क्षेत्र, स्टार्टअप, सेवा उद्योग, तकनीक आधारित रोजगार और डिजिटल प्लेटफॉर्म को समान महत्व दिया गया है। इन नीतियों का लक्ष्य मार्च 2029 तक 15 लाख रोजगार अवसरों का सृजन करना है। स्वरोजगार और उद्यिमता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना-2026 को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके तहत 1 लाख युवाओं को 10 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। शैक्षिणक योग्यता के अनुसार सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों में अलग-अलग ऋण सीमाएं निर्धारित की गई हैं। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। यह पहल युवाओं को रोजगार चाहने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि युवा केवल शैक्षिणक रूप से ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक रूप से भी सक्षम हों। इसी उद्देश्य से बड़े पैमाने पर कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से युवाओं को तकनीकी, व्यावसायिक और डिजिटल दक्षताओं से जोड़ा जा रहा है। यह प्रयास स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, पलायन को रोकने और क्षेत्रीय संतुलन स्थापित करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। राजस्थान आज एक ऐसे चरण में है, जहां उसकी युवा शक्ति राज्य के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के चार स्तंभों पर आधारित यह युवा-केंद्रित विकास मॉडल राज्य को सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक सिद्ध हो रहा है। राज्य सरकार का सतत प्रयास है कि युवा केवल योजनाओं के लाभार्थी न रहें, बल्कि राजस्थान के विकास में सक्रिय सहभागी बनें। निरंतरता, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ यह दृष्टिकोण आने वाले वर्षों में राज्य के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगा।

**सुरभि मिश्रा**
**अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाड़ी**

# विधानमंडलों में एआई : सुविधा के साथ सावधानी भी



डॉ. कैलाश चन्द सैनी

डिजिटल परिवर्तन के इस दौर में कृत्रिम मेधा (एआई) लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज को अधिक तेज़, सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। किंतु सुविधा की इस चमक के पीछे सावधानी का सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विधानमंडलों के संदर्भ में एआई का उपयोग केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित न रहकर संवैधानिक विवेक, मानवीय संवेदना और उत्तरदायित्व की कसौटी पर भी परखा जाना आवश्यक है। यहां इसी संतुलन की पड़ताल का प्रयास किया गया है जिससे तकनीक लोकतंत्र की सहायक बने, उसका विकल्प नहीं।

डिजिटल युग में लोकतंत्र के भविष्य को लेकर हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसपीओसी) का यह संदेश स्पष्ट और दूरगामी रहा कि 'तकनीक लोकतंत्र को सक्षम बना सकती है, किंतु वह मानवीय विवेक का स्थान नहीं ले सकती। 16 जनवरी 2026 को सम्मेलन के समापन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश द्वारा व्यक्त इस साझा अभिमत ने यह रेखांकित किया कि कृत्रिम मेधा (एआई) अब केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं रही, बल्कि नीति निर्माण और विधायी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने वाली एक निर्णायक शक्ति बन चुकी है। ऐसे समय में जब विश्व के 127 से अधिक देशों में एआई के नियमन पर गंभीर बहस चल रही है, भारत और उसके राज्य विधानमंडलों के लिए यह प्रश्न और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक को कितनी छूट दी जाए और विवेक की सीमाएँ कहाँ खींची जाए।

लोकतंत्र का मूल स्वभाव मानवीय है। संसद और विधानसभाएँ केवल कानून बनाने वाले संस्थान नहीं, बल्कि समाज की चेतना, संवेदना और विविधताओं की अभिव्यक्ति का मंच हैं। एआ इस व्यवस्था में गति, दक्षता और पारदर्शिता ला सकता है, परंतु यदि सावधानी का संतुलन टूटे तो यही सुविधा लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती भी बन सकती है।

विधायी कार्यों में एआई : विधायी प्रक्रियाओं में शोध, दस्तावेज़ीकरण और सूचना-संसाधन की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। एआई हजारों पृष्ठों के विधेयकों, नियमावलियों, न्यायिक निर्णयों और अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों का त्वरित विश्लेषण कर सकता है। भारतीय संसद में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जहाँ लगभग 48,000 तकनीकी शब्दों वाले 'संसदीय शब्दावली' के शब्दकोश को एक विशेष एआई मॉडल के साथ जोड़ा गया है। यह शोध की प्रक्रिया को न केवल तेज़ बल्कि त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

कानून के प्रारूपण में भी एआई सहायक सिद्ध हो सकता है। विशेषकर भाषा की स्पष्टता, संदर्भों की संगति और मौजूदा कानूनों से टकराव की पहचान जैसे कार्यों में। बहुभाषी भारत में 22 भारतीय भाषाओं में संसदीय दस्तावेजों के अनुवाद और बहसों के विश्लेषण के लिए इसका उपयोग शुरू हो चुका है। कोई भी नागरिक अपनी मातृभाषा में सदन की कार्यवाही का सटीक और तात्कालिक अनुवाद सहजता से देख सकता है। इसे लोकतंत्र का वास्तविक सशक्तीकरण ही कहा जायेगा।

**राजस्थान विधानसभा: डिजिटल प्रयोग और यथार्थ**

राजस्थान विधानसभा के लिए यह विमर्श विशेष महत्व रखता है। हाल के वर्षों में विधानसभा ने 'नेशनल -विधान एप्लिकेशन' (नेवा) के माध्यम से काग़ज़ रहित कार्यवाही, प्रश्नोत्तर, विधेयकों और समितियों के दस्तावेज़ों को डिजिटल मंच पर लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। प्रश्नों की ऑनलाइन प्रक्रिया, सदन की कार्यवाही का डिजिटल अभिलेखन और विधायकों को टैब आधारित सूचनाएँ उपलब्ध कराना ये समस्त कदम दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं।

हाल के वर्षों में राजस्थान विधानसभा यह चिंता जता चुकी है कि तुच्छ या दोहराव वाले प्रश्न संसदीय समय और ऊर्जा को नष्ट करते हैं। एआ यहाँ एक सहायक बन सकता है लेकिन यह तय करना कि को प्रश्न तुच्छ है या जनहित से जुड़ा, यह निर्णय अंततः जनप्रतिनिधि का ही होना चाहिए, मशीन का नहीं।

राजस्थान का सामाजिक और भौगोलिक परिदृश्य यह भी दर्शाता है कि नीति-निर्माण केवल आँकड़ों से संभव नहीं। मरुस्थलीय क्षेत्रों की जल-समस्या, सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा-संवेदनशीलता, किसानों और पशुपालकों की आजीविका इन सबकी पीड़ा किसी मशीनी गणना (एल्गोरिद्म) के पूर्णतः समझ में नहीं आ सकती। एआ आँकड़े दे सकता है, रुझान बता सकता है, पर ज़मीनी सच्चा को आत्मसात करने का विवेक केवल निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के पास होता है। इसलिए राजस्थान विधानसभा में एआ की भूमिका सहायक तक सीमित रहना ही लोकतांत्रिक दृष्टि से उचित है।

वैश्विक स्तर पर विधायी क्षेत्र में एआ का हस्तक्षेप तेज़ी से बढ़ा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 से 2023 के बीच दुनिया भर की संसदों में एआ से संबंधित 123 विधेयक पारित किए गए। वर्तमान में संसदें स्वयं को कागज़ आधारित संगठनों से बदलकर डेटा संचालित संस्थाओं में रूपांतरित कर रही हैं। एस्तोनिया में स्वचालित स्टेनोग्राफी, इटली में दस्तावेजों का मशीनी अनुवाद और ब्राजील में नागरिकों की टिप्पणियों का वर्गीकरण इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। ये उपकरण न केवल समय बचाने में सक्षम हैं, बल्कि विधायी कर्मचारियों को अधिक जटिल और विश्लेषणात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा भी देते हैं।

**नवाचार, संयम और संस्थागत ज्ञान :** विधायिका में एआई को अपनाने का सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत नवाचार और संयम का संतुलन है। अनियंत्रित नवाचार जहाँ गलत सूचना या मशीनी पक्षपात का जोखिम बढ़ाता है, वहीं अत्यधिक संयम संस्थागत जड़ता का कारण बन सकता है। यदि तकनीक के डर से उसे पूरी तरह नकार दिया जाए, तो लोकतांत्रिक संस्थाएं आधुनिक चुनौतियों का सामना करने में पिछड़ जाएंगी। अतः एआई का उपयोग हमेशा संदर्भपरक और नैतिक होना चाहिए। वेस्टमिंस्टर फाउंडेशन फॉर डेमोक्रेसी के दिशा-निर्देश भी इसी चरणबद्ध दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं, जहाँ किसी भी तकनीक को पहले नियंत्रित वातावरण में परखना अनिवार्य है।

एआई के पास सूचनाओं का ढेर हो सकता है, लेकिन संस्थागत ज्ञान और संवेदना केवल मनुष्यों के पास होती है। भारतीय संसदीय प्रयासों में तकनीकी सहायता के बावजूद, अंतिम नियंत्रण हमेशा मानवीय विशेषज्ञों के हाथ में रखा गया है। लोकतंत्र केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि वर्षों के अनुभव और जवाबदेही से संचालित होता है। एक मशीनी गणना यह तो बता सकती है कि स्वास्थ्य बजट में कितनी वृद्धि हुई, लेकिन वह किसी सुदूर गाँव के अस्पताल की ज़मीनी पीड़ा और वहाँ की मानवीय संवेदना को नहीं समझ सकती।

यह विवेक केवल निर्वाचित जनप्रतिनिधि के पास ही सुरक्षित रहता है। भारत की एआई पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को गहराई से समझना और कार्यप्रणाली को 'तेज़' के साथ-साथ 'विश्वसनीय' बनाना भी है।

तकनीक साधन है, समाधान नहीं

एआई लोकतंत्र का विकल्प नहीं, बल्कि एक साधन है। यह विधायकों और विधानसभा कर्मियों का बोझ कम कर सकता है, शोध को सुदृढ़ कर सकता है और पारदर्शिता बढ़ा सकता है। किंतु वह विवेक, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता। लोकतंत्र को मशीनी तंत्र नहीं, बल्कि एक जीवंत मानवीय व्यवस्था है। संसद और विधानसभाओं को केवल सुविधाजनक नहीं, बल्कि उत्तरदायी होना चाहिए। यदि तकनीक का उपयोग पारदर्शिता और शोध के लिए किया जाता है, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मज़बूत करेगा। लेकिन यदि विवेक को तकनीक के हवाले कर दिया गया तो यह व्यवस्था को भीतर से खोखला कर सकती है।

राजस्थान सहित देश की सभी विधानसभाओं के लिए यह सही समय है कि वे एआई को अपनाएँ, पर आँख मूँदकर नहीं स्पष्ट नियमों, नैतिक मर्यादाओं और मानवीय नियंत्रण के साथ। सुविधा से आगे बढ़ते हुए सावधानी को अनिवार्य बनाना ही लोकतंत्र की रक्षा का समुचित मार्ग है। अंततः यह सत्य सदैव प्रासंगिक रहेगा कि संकट चाहे कितना भी आधुनिक हो, मानवीय धैर्य और मानसिक कौशल ही सबसे अचूक प्रहार सिद्ध होते हैं। विधानमण्डलों के कार्यकरण में एआई को सहायक बनाया जाए निर्णायक नहीं; विश्लेषक बनाया जाए न्यायकर्ता नहीं। तकनीक लोकतंत्र की सेवक बनी रहे, स्वामी नहीं, यही आधुनिक भारत के संसदीय लोकतंत्र की गरिमा का मूल आधार होगा।

**- डॉ. कैलाश चन्द सैनी,**
**वरिष्ठ लेखक।**


# रात में बरसे बादल, सुबह तक गरजे

**बीकानेर,** (निसं)। यहा मौसम एक बार फिर बदल गया है। अब पश्चिमी विक्षोभ के चलते देर रात जहां हल्की बरसात हुई, वहीं सुबह तक बादलों का जमावड़ा बना हुआ है। रात में बादल इतने तेज गरजे की लोगों की नींद ही खुल गई। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दस दिन तक बीकानेर में इसी तरह का मौसम रहेगा। इधर, शादियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में लोगों को व्यवस्था की चिंता हो रही है। बीकानेर में देर रात हल्की बूंदाबांदी हुई। लोग सुबह उठे तो सड़कें भीगी हुई नजर आई।

रातभर बादलों के गरजने की आवाज ने परेशान किया। बारिश से मौसम सुहाना हो गया है, वहीं मावठ की इस बारिश से किसान के चेहरे खिले हुए हैं। ये बारिश फसल के लिए फायदेमंद रहेगी। गुरुवार को बारिश पश्चिमी विक्षोभ से हुई हे। अब 26 जनवरी को फिर नया विक्षोभ आ सकता है। इससे भी बारिश होगी। माना जा रहा है कि अब फरवरा के शुरूआती दिनों तक ऐसा ही माहौल रहेगा। फरवरी के पहले सप्ताह में शादियों के आयोजन शुरू हो चुके हैं, जिसमें बारिश के कारण खलल पड़ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा का कहना है कि दो विक्षोभ के कारण एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव और बदलाव देखने को मिलेगा। फरवरी के पहले सप्ताह से मौसम सामान्य हो जाएगा।

दरअसल दो विक्षोभ कट-टू-कट आ रहे हैं। पहला विक्षोभ गुरुवार से शुरू हो गया, जिसका असर बारिश के रूप में 23 जनवरी को देखने को मिल सकता है। दूसरा विक्षोभ 26 को आएगा। उसका असर 27 तक रहने के आसार हैं। इसलिए शादियों के सीजन में लोगों को सतर्क रहना होगा।

## राशिफल शनिवार 24 जनवरी 2026



**पंडित अनिल शर्मा**

माघ मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी तिथि, शनिवार, विक्रम सम्वत 2082, उत्तरा भाद्रप्रद नक्षत्र दिन 2.16 तक, शिव योग दिन 2.02 तक, कौलव करण दिन 1.13 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः सूर्य-मकर, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरु-मिथुन, शुक्र-मकर, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतू-सिंह राशि में संचार करेगा।**

आज रवियोग दिन 10.50 तक है। रवियोग दिन 2.16 से पुनः आरम्भ होगा। आज पंचक शीतलाअष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघडिया** - शुभ 8.40 से 9.59 तक, चट 12.39 से 1.59 तक, लाभ-अमृत 1.59 से 4.38 तक राहुकाल 9.00 से 10.30 तक सूर्योदय 7.20 सूर्यास्त 5.58



**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग-दौड रहेगी।



**वृष**
आर्थिक-व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा सम्भव है।



**मिथुन**
- व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




**कर्क**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सम्पर्क बनेंगे।




**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज बनते कार्य बिगड सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है।




**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**
व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**
घर-परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सम्भव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल आत्मविश्वास बडेगा। आवश्यक ओर महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे।

सार-समाचार

## मुख्यमंत्री ने बीकानेर जिले की छात्रा, शिक्षिका व अभिभावक से किया संवाद

**बीकानेर,** । मुख्यमंत्री भजनलाल ने बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को राज्य स्तरीय सरस्वती वंदन, युवा संवाद एवं मेगा अभिभावक-शिक्षक संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बीकानेर की छात्रा,शिक्षिका व अभिभावक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बीकानेर की प्रसिद्ध उस्ता कला का जिक्र करते हुए शिक्षिका से पूछा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ कला संस्कृति की भी जानकारी देते हैं ? इस पर महारानी स्कूल की बायोलॉजी की शिक्षिका श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ जिले और राज्य की कला संस्कृति से भी रूबरू करवाया जाता है। विभिन्न कलाकारों को भी समय समय पर स्कूल में बुलाकर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने महारानी स्कूल की साइंस बायो की 11 वीं की छात्रा सुश्री वंशिका तंवर से संवाद करते हुए पूछा कि क्या उन्हें विज्ञान में प्रयोग करने अच्छे लगते हैं छात्रा ने हां का जवाब देते हुए कहा कि विज्ञान के प्रयोग करने में उन्हें बड़ा मजा आता है। मुख्यमंत्री ने छात्रा से कहा कि कक्षा में पढ़ाई के दौरान मन में जो भी जिज्ञासा पैदा हो उसे शिक्षक से अवश्य पूछना चाहिए। इससे सामान्य ज्ञान बढ़ता है साथ ही मन में विश्वास भी पैदा होता है।मुख्यमंत्री ने वंशिका के पिता अरूण एस.तंवर से भी संवाद करते हुए बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत करने की बात कही। साथ ही बच्चों के साथ वक्त बिताने को भी कहा। जिला मुख्यालय पर लाइव कार्यक्रम के बाद अटल सेवा केन्द्र के बाहर हल्दीराम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरसागर की कुल 21 छात्राओं को संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि, श्रीमती सुमन छाजेड़, श्याम पंचारिया ने साइकिल का निशुल्क वितरण किया।

## सार्दुल विद्यालय में मेगा पीटीएम और निपुण मेले का आयोजन

**बीकानेर** (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के निर्देशानुसार पीएम श्री रा.सादुल उ.मा.वि.में मेगा पीटीएम और निपुण मेले का आयोजन किया गया । मेगा पीटीएम के प्रभारी सुरजाराम गोयल और अमरदीप आचार्य ने बताया कि आज विद्यालय में अध्ययनरत विद्याथिर्यो के अभिभावको को विद्यालय में आमंत्रित कर विद्यालय में संचालित गतिविधियो और शैक्षिक गतिविधियो के बारे मे जानकारी उपलब्ध करवाकर अभिभावको के विचारो से जानकारी प्राप्त की। पीटीएम सत्र के प्रारम्भ में प्रधानाचार्य सुशीला जयपाल ने द्वीप प्रज्जवलित कर उपस्थित अभिभावको को संबोधित करते हुए शाला में संचालित विभिन्न गतिविधियो की जानकारी देते हुए शाला संचालन में अभिभावको से सुझाव भी आंमत्रित किए तथा बच्चो के शिक्षण के संबंध मे भी जानकारी दी ,उपस्थित अभिभावको ने भी विद्यालय संचालन हेतु अपने सुझाव भी दिए द्वितीय सत्र में विद्यालय के यूसीईओ क्षेत्र के विद्यालयो में अध्ययनरत प्राथमिक कक्षाओ के बच्चो के लिए निपुण मेले का आयोजन किया गया । मीनाक्षी गुप्ता और कांता वाधवानी ने बताया कि मेले में 9 विद्यालयो के 165 बच्चो ने हिस्सा लिया जिसमे बच्चो की सृजनात्मक गतिविधियो से संबंधित विभिन्न स्टालो के माध्यम से उनको प्रदशित किया गया ।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

**नोखा,** (निसं)। नगर की हनुमान बस्ती में आगामी 2 फरवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बस्ती स्थित नामदेव भवन में एक योजना बैठक आयोजित की गई। यह बैठक संत रामस्नेही पूर्णारामजी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुई। बैठक में रेवंत राम छींपा ने बताया कि हिंदू सम्मेलन का आयोजन बस्ती स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल, जोरावरपुरा परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नगर कार्यवाह ललित कुमार सैन ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ द्वारा 'ध्येय यात्रा' के अंतर्गत देशभर में बस्ती, नगर और खंड स्तर पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नोखा नगर की विभिन्न बस्तियों में भी सम्मेलन हो रहे हैं, जिनमें हनुमान बस्ती का सम्मेलन 2 फरवरी को प्रस्तावित है। कार्यक्रम में मातृ-शक्ति की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भव्य कलश यात्रा आयोजित करने का निणर्य लिया गया। इस संबंध में राजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि बस्ती में घर-घर जाकर कलश वितरित किए जाएंगे। कलश यात्रा को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हनुमान बस्ती को तीन भागों में विभाजित किया गया है, जहां से एक साथ तीन कलश यात्राएं निकलकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी। जिला व्यवस्था प्रमुख सहीराम ने बस्ती की भौगोलिक स्थिति और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। संत पूर्णारामजी महाराज ने कहा कि यदि सभी समाजजन समर्पण भाव से इस आयोजन में जुटेंगे, तो यह विराट हिंदू सम्मेलन निश्चित रूप से सफल होगा।

## श्रीगंगानगर में 'किन्नू महाकुंभ' शुरू, दूर-दूर से आए किसान

**श्रीगंगानगर( निसं )।,** जिला प्रशासन व हॉर्टिकल्चर विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय 'पंच गौरव किन्नू महाकुंभ' का आगाज शुक्रवार को हुआ। सूरतगढ़-पदमपुर बाइपास रोड पर आवासा रिसोर्ट के सामने लगे इस मेले में पहले दिन ही दूर-दराज से किसान, उद्यमी और पशुपालक पहुंचे हुए हैं। जगह-जगह लगे स्टॉल्स पर आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रिप सिंचाई सिस्टम, पॉलीहाउस मॉडल और फलों के प्रसंस्कृत उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। मेले में कल शनिवार को कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा आएंगे। उद्यान विभाग की सहायक निदेशक प्रीति गर्ग ने बताया- इस मेले का मकसद किसानों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत तकनीक और बाजार से सीधे जोड़ना है। पहले दिन बड़ी संख्या में किसान पहुंचे हुए हैं। कई किसान अपने पशुओं के साथ आए हैं और प्रदर्शनी में विभिन्न नस्लों के पशु भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके साथ ही अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो रही है। उद्यान विभाग ने फल, सब्जी, फूल, शहद और किन्नू से बने प्रसंस्कृत उत्पादों की खूबसूरत प्रदर्शनी सजाई है। पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस, सोलर पावर और ड्रिप-फव्वारा सिंचाई के मॉडल भी लगाए गए हैं, जिन्हें देखकर किसान नई तकनीकों को अपनाने के लिए उत्सुक नजर आ रहे हैं। कृषि विभाग ने फसल प्रबंधन, सिंचाई और यंत्रीकरण से जुड़े स्टॉल लगाए हैं, जबकि कृषि विपणन विभाग ने उत्पाद बिक्री और एग्रो प्रोसेसिंग के अवसरों पर जानकारी दी जा रही है। पशुपालन विभाग और गंगमूल डेयरी ने डेयरी उत्पादों, पशु आहार और उन्नत नस्लों के पशुओं की संजीव प्रदर्शनी लगाई है। निजी कंपनियां, सरकारी संस्थाएं, एफपीओ, एनजीओ और प्रगतिशील किसान भी इस मेले में सक्रिय रूप से शामिल हैं। शनिवार को मेले में किन्नू की अलग-अलग किस्मों की प्रतियोगिताएं भी होंगी और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा। यह महाकुंभ 23 से 25 जनवरी तक चलेगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सभी के लिए खुला रहेगा।

## अधिकारियों कर्मचारियों ने किया वंदे मातरम का सामूहिक गायन

**बीकानेर,** । राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के दूसरे चरण में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने वंदेमातरम गीत का सामूहिक गायन किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में कार्मिकों ने इसमें भागीदारी निभाई। यादव ने कहा कि पंडित बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का लिखा यह गीत राष्ट्र के प्रति चेतना का संचय करता है। केंद्र और सरकार के निर्देशानुसार इसके 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसमें अधिक से अधिक नागरिक भागीदारी निभाएं। इस श्रृंखला में कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी संजय पुरोहित ने वंदेमातरम गीत से जुड़े विभिन्न तथ्यों की जानकारी दी।

## आज से शुरू होगा आईसीएआई का मेगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**बीकानेर,** आईसीएआई बीकानेर ब्रांच द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेगा क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआतआज से हो रही है। ब्रांच अध्यक्ष सीए हेतराम पूनिया ने बताया कि टूर्नामेंट आईसीएआई बीकानेर ब्रांच, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, जीएसटी डिपार्टमेंट एवं बीकानेर के प्रमुख नेशनलाइज्ड बैंकों की कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं इस टूर्नामेंट में जिन्हें दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में सीए लेजेंड, इनकम टैक्स इलेवन, स्टेट जीएसटी और किसान क्लब शामिल है।

# बीकानरे में बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

■ **बाबा का विशेष श्रृंगार किशन शर्मा एवं चेतन शर्मा द्वारा किया गया। दिल्ली से मंगवाए गए सात प्रकार के पुष्पों- आर्किड, गेंदा, गुलदावरी, बंगलौरी बटन, डेज़ी, कुसुम्बी तथा येलो गुलाब से बाबा का आकर्षक और दिव्य श्रृंगार किया गया**

**बीकानेर,( निसं )।** जयपुर रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार एवं वस्त्र परिवर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बाबा का श्रृंगार पीले रंग के पुष्पों से किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर बसंती रंग में रंगा हुआ नजर आया।

बाबा का विशेष श्रृंगार किशन शर्मा एवं चेतन शर्मा द्वारा किया गया। दिल्ली से मंगवाए गए सात प्रकार के पुष्पों- आर्किड, गेंदा, गुलदावरी, बंगलौरी बटन, डेज़ी, कुसुम्बी तथा येलो गुलाब - से बाबा का आकर्षक और दिव्य श्रृंगार किया गया। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में बाबा के वस्त्र विधिवत रूप से बदले गए। परंपरा के अनुसार पुराने वस्त्र भक्तों को प्रसाद स्वरूप वितरित किए गए। मंदिर परंपरा के अनुसार यह आयोजन वर्ष में केवल एक बार बसंत पंचमी के दिन ही किया जाता है, जिसके पश्चात पूरे वर्ष बाबा वही नए वस्त्र धारण करते हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और बाबा के चरणों में शीश नवाया। भक्तों ने पीले गुलाब अर्पित किए तथा चंदन एवं इत्र बाबा को समर्पित किया। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत गूंजता रहा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।पीतांबरी वितरण का कार्य सुबह से ही मुख्य पुजारी किशन शर्मा एवं चेतन शर्मा द्वारा किया गया। आयोजन की व्यवस्थाओं में सुरेश चंद्र भसीन, ओम जिंदल एवं ब्रजमोहन जिंदल का विशेष योगदान रहा। वहीं अन्य सेवादारों में श्याम जी सेवढ़ा, किशन, दीपक, संजय, पारिक बलविंदर चुग एवं जीतू ने व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला। कार्यक्रम के दौरान मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में नारियल के साथ पर्ची बांधकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु बाबा के चरणों में अर्जी लगाई। प्रसाद वितरण का कार्य भी ट्रस्ट सदस्यों द्वारा किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनपुरी और हाउसिंग बोर्ड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसन्त पंचमी का पर्व बीकानेर के पवनपुरी दक्षिण विस्तार एवं हाउसिंग बोर्ड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आज विद्या की देवी माँ सरस्वती का प्राकट्य उत्सव 'बसन्त पंचमी' पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालयों में विशेष पूजन, श्रृंगार और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और विशेष श्रृंगार के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रचना गुप्ता ने विधि-विधान से माँ शारदा का पूजन किया। इस दौरान देवी को ऋतु अनुकूल रेवड़ी और बेर का विशेष भोग लगाया गया।

प्राचार्य गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसन्त पंचमी के आध्यात्मिक और शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन ज्ञान, कला और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी को समर्पित है और विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व विद्या प्राप्ति के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। बसन्त ऋतु के आगमन का स्वागत करते हुए विद्यालय का वातावरण पूरी तरह 'पीला' (बसन्ती) नजर आया। उत्सव की परंपरा को निभाते हुए विद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पीले रंग के विशेष वस्त्र धारण किए थे। पीले फूल और सजावट से पूरा परिसर भक्तिमय और उल्लासपूर्ण दिखाई दे रहा था।

## नोखा विधायक सुशीला डूडी ने बजट सत्र से पूर्व सरकार को भेजे विकास से जुड़े प्रस्ताव

■ **विधानसभा क्षेत्र नोखा के ब्लॉक मुख्यालय पांचू में नवीन राजकीय महाविद्यालय की स्वीकृति की मांग की गई है**

**नोखा,** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 से पूर्व नोखा विधायक सुशीला डूडी द्वारा नोखा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रदेश की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को विकास प्रस्ताव भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल और धार्मिक स्थलों के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं।

प्रस्तावों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र नोखा के ब्लॉक मुख्यालय पांचू में नवीन राजकीय महाविद्यालय की स्वीकृति की मांग की गई है। साथ ही उप तहसील पांचू को तहसील कार्यालय में क्रमोन्नत करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को प्रशासनिक सुविधाएं बेहतर ढंग से मिल सकें। इसके अलावा नोखा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था के केंद्र सैंगाल धौरा पं.स. पांचू एवं शिव धोरा बंधड़ा के विकास हेतु विशेष बजट आवंटन की मांग की गई है। नोखा स्थित 'जेठाराम डूडी खेल स्टेडियम' के जीर्णोद्धार के लिए भी बजट स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया है।

क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग 100 किलोमीटर नवीन डामर सड़कों की स्वीकृति, स्वास्थ्य केंद्रों एवं राजकीय विद्यालयों के क्रमोन्नयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना के प्रस्ताव भी बजट से पूर्व सरकार को भेजे गए हैं।

भजनलाल सरकार द्वारा पूर्व की बजट घोषणाओं में कांग्रेस के विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों की उपेक्षा की गई थी, लेकिन अब कांग्रेसी विधायक भाजपा सरकार से आगामी बजट 2026-27 में उम्मीद लगा रहें हैं।

## मुनि कमल कुमार स्वामी के विदाई समारोह में उमड़ा संतों का अनुराग

**बीकानेर( निसं )।** 'उग्र विहारी तपोमूर्ति' मुनि कमल कुमार स्वामी के आगामी 25 जनवरी को लाडनू प्रस्थान से पूर्व गंगाशहर में 'मंगल भावना' समारोह की त्रिवेणी बह रही है। समारोह के तीसरे दिन आज श्रावकों के बाद संत वृंदों ने अपने अग्रगणी मुनि प्रवर के प्रति कृतज्ञता और मंगल कामनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और मुनियों के आत्मीय संबंधों से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनि कमल कुमार ने कहा कि पिछले दो दिनों से श्रावक समाज और आज मुनि वृंद ने जो मंगल भावनाएं की हैं, वह धर्म के प्रति अनुराग का प्रतीक है। उन्होंने आव्हान किया कि चातुर्मास के दौरान यहाँ जो धर्म की ज्योति जलाई गई है, उसे बुझने न दें बल्कि और अधिक जागरूकता से बढ़ाएं। उन्होंने मुनि विमल विहारी और मुनि प्रमोद कुमार को चित्त समाधि के साथ गंगाशहर में विराजते हुए संभालने की प्रेरणा दी।

मुनि प्रबोध कुमार ने कहा कि मुनि श्री कमलकुमार जी का सान्निध्य ऊर्जादायक रहा। उनके मौन प्रवास से हमने बहुत कुछ सीखा। उन्होंने न केवल क्षेत्र की, बल्कि हम संतों के स्वास्थ्य और समाधि की भी पूरी सार-संभाल की। मुनि श्री प्रबोध कुमार जी ने कहा कि साधु स्वयं मंगल होते है उनके लिए मंगल की कामना यह श्रावकों की प्रमोद भावना है। किसी के प्रति प्रमोद भावना रखना, विकास की भावना, मंगल भावना रखना कर्म निर्जरा का हेतु है। उन्होंने कहा कि मुनि कमल कुमार जी के प्रवास से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। आप अधिक समय तक मौन में रहते है, आप की मौन से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। मुनि ने गांव की सार संभाल के साथ हमारी भी बहुत सार संभाल की, हमारे स्वास्थ्य एवं चित समाधि का पुरा ध्यान रखा। मुनि विमल विहारीने कहा कि गुरु समय के ज्ञाता होते है। दूरदर्शी होते है। उन्हें मालूम हो जाता है कि कब कहा क्या आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुनि श्र

## ' सुनहरी यादें' का बैनर जारी

**बीकानेर।** स्व.छगनलाल खड़गावत की स्मृति में रविवार को सायं 4.15 बजे महाराज नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम में होने वाले कार्यक्रम'रेडियो की सुनहरी यादें' के बैनर का लोकार्पण किया गया। आयोजन सचिव राजकुमार खड़गावत ने बताया कि आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने पर आकाशवाणी रेडियो श्रोता सम्मेलन में भावाभिव्यक्ति प्रस्तुत करेंगे। अतिथि आकाशवाणी बीकानेर में उद्घोषक, कम्पेयर, नाट्य कलाकार रहे वरिष्ठ लेखक अशफ़ाक़ कादरी, शायर-पत्रकार डॉ. नासिर जैदी, सम्पादक-व्यंग्यकार डॉ. अजय जोशी, कवि-कथाकार राजाराम स्वर्णकार,जितेंद्र गहलोत,अशोक कुमार कच्छावा, (जौहरी) रवि गहलोत, कुशालचंद लखोटिया शामिल थे।

## सूर्य यज्ञ के लिए यज्ञशाला पर ध्वजारोहण

**बीकानेर,** सूर्य सप्तमी पर्व पर लक्ष्मीनाथजी मंदिर परिसर में गढ़ गणेश मंदिर में सूर्य यज्ञ हेतु नवनिर्मित यज्ञशाला पर सविधि पूजन कर अभिजीत मुहूर्त में ध्वजारोहण किया गया । संयोजक यज्ञ समिति गिरधर पंडित शर्मा ने बताया कि शाकद्वीपीय समाज के भामाशाह किशन कुमार भोजक द्वारा निर्मित स्थाई यज्ञशाला पर संतोष कुमार, राजेश एवं अजय (टोनी) द्वारा ध्वजारोहण और पताकारोहण किया गया । 25 जनवरी प्रातः 9 बजे रथ यात्रा रवाना होने बाद यज्ञ प्रारंभ होगा जिसके लिए मंडपस्थ देवताओं यथा षोडशमातृका, चतुष्टी योगिनी, नवग्रह मंडल, वास्तु, क्षेत्रपाल सहित षोडश स्तंभ एवं चारद्वार पूजन किया जायेगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती व बसंत पंचमी मनाई

**बीकानेर**, शहर जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ के नेतृत्व में 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं बसंत पंचमी का कार्यक्रम भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित हुआ।

शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने 'वी बी जी राम जी' योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत 125 दिनों की रोजगार गारंटी दी गई है। योजना में जल संरक्षण, विद्यालय भवन सहित स्थायी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जनजाति वर्ग को 25 दिन की अतिरिक्त रोजगार गारंटी का प्रावधान है। मजदूरी का भुगतान 7 दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ विकास को नई गति देगी।

मीडिया संयोजक कमल गहलोत बताया कि 'वी बी जी राम जी' योजना के जिला संयोजक राजेंद्र पंवार ने योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु मंडल संयोजकों एवं सहसंयोजकों के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की एवं जिला सहसंयोजक एडवोकेट सुनीता हटीला, सहसंयोजक मांगीलाल बिश्नोई एवं दीपक यादव ने भी विचार व्यक्त किए तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रेरक जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल हर्ष, सरिता नाहटा, जिला मंत्री झमकू देवी, तरुण स्वामी, विनोद करोल, रामचंद्र सोनी, मंजूषा भास्कर, दिनेश चौहान, कपिल शर्मा, धर्मपाल डूडी, देवरूप सिंह, मुकेश सैनी, पुखराज स्वामी, रामकुमार व्यास, संदीप भोजक, संजय शर्मा, सुरेश छींपा, चोरूलाल सुथार, अजय खत्री, जेठमल नाहटा, मुकेश बन, सुमेश शर्मा, दिनेश सांखला, भारती अरोड़ा, यशी शर्मा, भानू आनंद, चांद शेखावत, बजरंग गहलोत, गगन भाटी, अनिल पांडे, दीपक व्यास, अशोक राजपुरोहित, रघुवर प्रजापत, शिवरतन आचार्य, अमरचंद वर्मा, जगदीश सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बागड़ी कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व मनाया

■ **स्टूडेंट्स को राज्यस्तरीय निपुण मेले और मेघा पीटीएम का लाइव प्रसारण दिखाया**

**नोखा,( निसं )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय टीचर-पेरेंट्स सेमिनार और निपुण मेले का ऑनलाइन लाइव प्रसारण स्टूडेंट्स को दिखाया गया। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश शर्मा ने किया। इसकी शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के साथ हुई। स्टूडेंट्स को जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में आयोजित राज्यस्तरीय निपुण मेले और मेघा पीटीएम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती भी मनाई गई। कॉलेज के राजनीति शास्त्र के सहायक आचार्य मदन गोपाल ने नेताजी के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। कॉलेज में आईक्यूएसी के देखरेख में 'जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग' पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में सहायक आचार्य सुभाष बिश्नोई ने स्टूडेंट्स को जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

इस मौके पर कॉलेज के संकाय सदस्य डॉ. रामकिसन चौधरी, डॉ. सुमन कविया, सुमित्रा देवल, दीपा भाटी, महेश गोदारा, नरेंद्र बैरवा, महेंद्र सिंह सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं जागरूकता कार्यक्रम

**बीकानेर** (निसं)। यूनिवर्सिटी-सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा गोद लिए गांव बम्बलू में शुक्रवार को महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. बी.एन. श्रृंगी के निर्देशन में प्रौढ शिक्षा एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बम्बलू में किया गया।

# जाम का कारण बनी रेलवे-लाइन हो सकती शिफ्ट

**बीकानेर।** शहर को दो हिस्सों में बांटने वाली और दशकों से जाम का कारण बनी रेलवे लाइन को शहर से बाहर शिफ्ट करने की दिशा में एक नई उम्मीद जगी है। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ में रेलवे विभाग ने पहली बार आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि वे शहर के बीचोंबीच से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक को ही शिफ्ट करने की संभावना तलाशेंगे।

जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ ने रामकृष्ण दास गुप्ता बनाम राजस्थान राज्य की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए रेलवे के इस आश्वासन को रिकॉर्ड पर लिया है।

सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि वे रेलवे के सक्षम अधिकारियों के साथ मिलकर बीकानेर शहर से रेलवे ट्रैक को पूरी तरह हटाने/शिफ्ट करने की संभावना पर विचार-विमर्श करेंगे।

वकील ने कोर्ट में कहा- 'यदि ट्रैक को शिफ्ट करना व्यावहारिक (फिजिबल) पाया गया, तो रेलवे की ओर से बीकानेर शहर से रेलवे ट्रैक को हटाने के लिए उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।'

रेलवे के वकील ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विभाग के साथ होने वाली चर्चा और उसके परिणामों को कोर्ट के सामने रखने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए मामले की मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी तय की है।

बीकानेर शहर के बीच से गुजरने वाला यह ट्रैक पिछले 40 सालों से एक गंभीर समस्या बना हुआ है। यह ट्रैक शहर के मुख्य बाजारों, विशेषकर कोटगेट और शीतला गेट (सांखला फाटक) के बीच से गुजरता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां से रोजाना 30 से 35 ट्रेनें गुजरती हैं, जिससे हर आधे-एक घंटे में फाटक बंद होते हैं और पूरा शहर जाम हो जाता है।

## बीएसएनएल कार्यालय को संसदीय राजभाषा समिति से सम्मान

**बीकानेर,( निसं )।** भारत संचार निगम लिमिटेड , बीकानेर कार्यालय को हिन्दी मे कार्य करने हेतु संसदीय राजभाषा समिति द्वारा जैसलमेर मे आयोजित कार्यकम मे सम्मानित किया गया।

यह जानकारी देते हुए बीकानेर व्यवसाय क्षेत्र के महाप्रबन्धक ओ.पी खत्री ने बताया कि संसदीय राजभाषा समिति की तीन समितिया बनी हुई, जिसके अध्यक्ष केन्द्रीय गृहमंत्री होते है समिति मे 10 सदस्य लोकसभा व राज्यसभा के सासंदगण होते है जोकि देशभर मे केन्द्र सरकार के कार्यालयो का हिन्दी मे किए जा रहे कायी का निरीक्षण करती है कि कितना प्रतिशत कार्य हिन्दी मे किया जा रहा है, ऐसा ही निरीक्षण संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा 21 व 22 जनवरी को राजस्थान मे स्थित केन्द्र सरकार के 24 कार्यालयो का जैसलमेर मे किया गया।

सार-समाचार

## पुष्करणा सामूहिक सावा 10 को

**बीकानेर,( निसं )।** यहा 10 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले पुष्करण समाज के सामूहिक सावा के दिन सरकार द्वारा बीकानेर को परकोटा एकछत घोषित किए जाने के फलस्वरुप परिणय सूत्र में बंधने वाली किसी भी जाती या धर्म की कन्या को दी जाने वाली 21000 रुपए की सहायता और 4000 आयोजक संस्था को दिए जाने का प्रावधान है के आवेदन पत्र 26 से शिव शक्ति साधना पीठ गोकुल सर्कल एसबीआई ग्राहक ग्राहक सेवा केंद्र के पास वाली गली में लिए जा रहे हैं इसके प्रचार प्रसार हेतु आज एक टैक्सी पर माइक लगाकर पूरे शहर में घूम कर अनाउंसमेंट किया जा रहा है त अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी किशन ओझा और केशव बिस्सा ने टैक्सी को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया ! इस मोके पर पूर्व पार्षद नरेश जोशी, अनिल कुमार पुरोहित सुरेंद्र कुमार व्यास, राजकुमारी व्यास सुमनेश रंगा, रासबिहारी जोशी प्रेम शंकर रंगा के साथ साथ महिला शक्ति उपस्थित रहे !24-वन्देमातरम के 150 वर्ष पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने आयोजित किए कार्यक्रम

## 19 से 26 जनवरी तक कई गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन

**बीकानेर,**(निसं)। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा 19 से 26 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संग्रहालयाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देश की आजादी में उनकी सहभागिता पर अभिभाषण गंगा राजकीय संग्रहालय में आयोजित किया गया इसी क्रम के द्वितीय चरण में संरक्षित स्मारक राव बीकाजी की टेकरी पर नगर निगम की सहभागिता से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण स्मारक की सफाई की गई। इस दौरान कार्मिक शंकरदत हर्ष, मनोहर सिंह, राखी मोहता के साथ नगर निगम के कार्मिक नेमीचंद उपस्थित रहे।

## वन्दे मातरम के 150 वर्षः अभिलेखागार में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बीकानेर,** (निसं)। राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को राजस्थान राज्य अभिलेखागार निदेशालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया। इसके साथ ही नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए गए।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई- निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गई तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। (1) **निविदा संख्याः** एस.एंड.टी.-बी.के.एन-ईटी-306-R-I (2) **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर मंडल के सूरतगढ़-लालगढ़ खंड के कानासर यार्ड पर LC-147 के स्थान पर ROB की व्यवस्था के लिए S&T से संबद्ध कार्य। (3) **अनुमानित लागत मूल्यः** ₹ 2405388.14/- (4) **बिड सिक्यूरिटी राशिः** ₹ 48100.00/- (5) **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** 17.02.2026 को 15.00 बजे तक (6) **वेबसाइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता हैः** www.ireps.gov.in 134-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.:** 33-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Raising of rail level PF No. 1 at Birang Khera, Gurusar Sahnewala and PF No. 1 & 2 at Bagwali stations over Bikaner Division along with extension to 480 Mtrs. **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹44,69,165.64/- **धरोहर राशिः** ₹89,400.00/- (1) **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः** https:// www.ireps.gov.in (2) **ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समयः** 19.02.2026 को 15.00 बजे तक। (3) **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समयः** 19.02.2026 को 15.00 बजे के बाद। 132-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.:** 32-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Provision of interlocking of 24 nos. manned LC gates over Bikaner Division. **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹2,01,11,179.68/- **धरोहर राशिः** ₹2,50,600.00/- (1) **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः** https:// www.ireps.gov.in (2) **ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समयः** 19.02.2026 को 15.00 बजे तक। (3) **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समयः** 19.02.2026 को 15.00 बजे के बाद। 131-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.:** 31-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** Annual Maintenance Contract (AMC) of Cummins make engines for 03 nos. of 08-W Tower wagons (TW) over Bikaner division for a period of 3 years. **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹1,17,78,141.60/- **धरोहर राशिः** ₹2,08,900.00/- (1) **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः** https:// www.ireps.gov.in (2) **ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समयः** 19.02.2026 को 15.00 बजे तक। (3) **ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समयः** 19.02.2026 को 15.00 बजे के बाद। 130-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्र. :- LU2012/SGN/2025-26/101479 **लोक सूचना** दि. : 23.01.2026

श्री मनोहर लाल पुत्र श्री गोकुल चन्द निवासी 11 शंकर कॉलोनी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 जैड तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री मनोहर लाल पुत्र श्री गोकुल चन्द | चक 4 जैड मुरब्बा नं. 16 के किला नं. 23/2 में 0.1140 है. | यथाकुल 0.1140 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.01.2026 को जारी की गयी।

RajKaj Ref. No. 20079511 - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियमन/2026/5113 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 23.01.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शरद सिड़ाना पुत्र श्री विनोद सिड़ाना निवासी म.न. 9, हरमिलापी कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 54 किला नं. 14 में माप 30 इंटू 50 फीट भू.सं. एसएल-24, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर | उक्त भू. का आवासीय पट्टा सं. 5212 दि. 8.10.2007 को श्री कृष्णा सिड़ाना पत्नी श्री विनोद सिड़ाना एवं श्री विनोद सिड़ाना पुत्र श्री बिहारी लाल के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री शरद सिड़ाना द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत हक परित्याग पत्र दिनांक 11.1.2024 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री शरद सिड़ाना पुत्र श्री विनोद सिड़ाना निवासी म.न. 9, हरमिलापी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1265 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# नकली घी बनाने के कारखाने पर पुलिस ने छापा मारा

■ भारी मात्रा में नामी कंपनीज के नकली घी के टीन मिले

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नर स्पेशल पुलिस सीएसटी और कुड़ी भगतासनी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुड़ी भगतासनी सेक्टर 9 में एक मकान में रेड देकर वहां नकली घी बनाने के कारखाने का खुलासा करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। घर के अलग अलग कमरों में नामी कंपनीज के नाम से नकली घी के टिन और वेपर, ढक्कन इत्यादि मिले है। कार्रवाई रात में की गई। आज सुबह चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। विभाग की तरफ से नकली घी के अंदेश से सेंपलिंग की गई। घटना के संबंध में कुड़ी पुलिस की तरफ से अब जांच की जा रही है।

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश पासवान, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एव यातायात शाहीन सी. के निर्देशानुसार सुपरविजन अधिकारी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सुनील के पंवार के निकट सुपरविजन में सीएसटी प्रभारी एसआई मेहराज तंवर मय टीम के हाइवे मोबाइल इंचार्ज एएसआई तेजाराम ने कुड़ी भगतासनी स्थित में सेक्टर 9 में एक घर में दबिश दी। वहां कुछ लोग मिले जोकि घी का कारोबार करते दिखें। आरंभिक पड़ताल में पता लगा कि उन लोगों द्वारा नामी कंपनीज के नाम से नकली घी तैयार किया जा रहा था। पुलिस को वहां से सरस, क्षीर, डेयरी बेस्ट, प्राइड, मधुसूदन, कृष्णा, मिल्क फूड व विभिन्न प्रकार के नामी कंपनियों के करीब 120 नकली घी के टिन, लेबल पैकिंग सामग्री व मशीन करीब 25 लाख का दो गोदामों में भरा माल बरामद हुआ है।

# उदयपुर में स्काई विले ट्रैम्पोलिन पार्क में लगी आग

## हादसे से पहले निकले लोग, कोई जनहानि नहीं

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर शहर के नवरत्न कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में स्थित स्काई विले ट्रैम्पोलिन पार्क के गेम जोन में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉट सर्किट सामने आया है। शहर के बीच स्थित इस गेम जोन में लगी आग को बुझाने में 7 दमकलों ने 11 फेरे किए। करीब एक से सवा एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इसमें किसी तरह की जनहानि नहीं हुई लेकिन गेम जोन पूरी तरह जलकर राख हो गया। यह गेम जोन पूरी तरह से प्लास्टीक के खिलोने एवं फोम पर बना होने से आग जल्दी ही फैलने लगी।

उदयपुर शहर के नवरत्न कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में स्थित स्काई विले ट्रैम्पोलिन पार्क में शुक्रवार शाम करीब 4.15 बजे धुआं उठना शुरू हुआ और धीरे-धीरे आग की लपटे उठने लगी हालांकि ट्रैम्पोलिन पार्क में स्थापित फायर सेफ्टी की मदद से आग पर प्राथमिक तौर पर काबू पाने की कोशिश की गई और इस बीच वहां मौजूद लोग भी बाहर आ गए जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फायर बिग्रेड को भी इसकी सूचना दी गई और पार्क में लगी आग ने धीरे-धीरे भयावह रूप ले लिया।



उदयपुर के नवरत्न कॉम्प्लेक्स में स्थित गेम जोन में आग लगने के बाद पूरी तरह से जलकर राख हुआ गेम जोन।

चीफ फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी शिवराम मीणा, सहायक अग्निशमन अधिकारी नवदीपसिंह बग्गा मय टीम मौके पर पहुंचे। जहां अशोकनगर, मादड़ी, चेतक फायर स्टेशन से दो दो एवं सुन्दरवास फायर स्टेशन से एक दमकल गाड़ियों सहित सात दमकलों ने 11 फेरे कर करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग को बुझाने में अग्निशमन दल के करीब 22 जनों की टीम लगी।

■ नवरत्न कॉम्प्लेक्स में स्थित गेम जोन पूरी तरह जलकर राख हो गया। यह गेम जोन पूरी तरह से प्लास्टीक के खिलोने एवं फोम पर बना होने से आग जल्दी ही फैलने लगी

■ आग को बुझाने में 7 दमकलों ने 11 फेरे किए

# एनडीपीएस के 14 साल पुराने मामले में आरोपी को सात साल की सजा

**जोधपुर, (कासं)।** एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 14 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ अफीम दूध के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को सात वर्षों का कठोर कारावास और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

राजस्थान सरकार की ओर से पैरवी हेतु नियुक्त विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर गोविन्द जोशी ने बताया कि 19 जून 2012 को महामंदिर के तत्कालीन थाना प्रभारी भंवरसिंह ने सनसिटी अस्पताल के सामने रुपाणा जैसाना जाटावास, लोहावट निवासी निंबाराम पुत्र रेखाराम जाट से उसकी बनियान के नीचे पॉलीथिन में छुपाकर कर रखा 1.900 किलो अफीम दूध बरामद कर उसको गिरफ्तार किया तथा अनुसंधान के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

# झुंझुनूं बना साइबर ठगों का सॉफ्ट टारगेट

■ 5000 संदिग्ध बैंक खातों का खुलासा, किराए के खातों से 200 करोड़ से ज्यादा का लेन-देन

**झुंझुन, (निसं)।** कभी शिक्षा और अनुशासन के लिए पहचाना जाने वाला झुंझुनूं जिला इन दिनों साइबर ठगों के निशाने पर है। साइबर अपराधियों ने जिले के युवाओं को आसान कमाई का लालच देकर उनके बैंक खाते किराए पर लेने का नया तरीका अपनाया है। इन्हीं खातों के जरिए करोड़ों रुपए की साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। अब झुंझुनू पुलिस ने साइबर सेल की मदद से इस संगठित साइबर अपराध नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से झुंझुनू पुलिस को करीब 5000 संदिग्ध बैंक खातों की डिटेल प्राप्त हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन खातों का इस्तेमाल देशभर में होने वाली साइबर ठगी के लिए किया गया। इन खातों के माध्यम से 200 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन किया गया है। साइबर ठग जिले के युवाओं को मामूली लालच देकर-उनके बैंक खाते किराए पर लेते हैं। इसके बाद साइबर फ्रॉड से प्राप्त रकम इन्हीं खातों में ट्रांसफर की जाती है।

कई मामलों में खाता धारकों को यह भी नहीं बताया जाता कि उनके खाते का इस्तेमाल किस उद्देश्य से हो रहा है। झुंझुनूं पुलिस को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से जिले के करीब 5000 संदिग्ध बैंक खातों की डिटेल प्राप्त हुई है। इन खातों का इस्तेमाल देशभर में होने वाली साइबर ठगी के लिए किया गया। पुलिस के शुरुआती आकलन के अनुसार, इन खातों के माध्यम से 200 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन किया गया है। राष्ट्रीय पोर्टल से डिटेल मिलने के बाद झुंझुनू पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बीते एक सप्ताह में 28 खाता धारकों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 7 अन्य खाता धारकों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस का मानना है कि यह संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है।

झुंझुनू पुलिस की साइबर सेल द्वारा किए गए खातों के गहन विश्लेषण में बड़ा खुलासा हुआ है। साइबर ठगी की रकम को मूल खातों से आगे दुबई भेजा जा रहा है, जहां उसे क्रिप्टोकरेंसी-यूएसडीटी और बिटकॉइन में बदलकर उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, इस राशि का उपयोग ऑनलाइन गैंबलिंग ऐप्स और अन्य अवैध डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी किया जा रहा है। झुंझुनू पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से करीब 5000 खातों की जानकारी मिली है, जिनका गहन विश्लेषण किया जा रहा है।

# गर्ल्स कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

## जिला प्रशासन ने किया मॉकड्रिल

■ मॉक ड्रिल में फायरमैन लिफ्ट, चेयरमैन नॉट, स्ट्रेचर और स्लाइडिंग जैसी तकनीकों से ऊपरी मंजिलों से घायलों को निकालने, प्राथमिक इलाज देने और सुरक्षित जगह पहुंचाने की प्रैक्टिस की गई

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** आत्मवल्लभ जैन गर्ल्स कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली। कॉलेज में हड़कंप मच गया। छात्राएं इधर-उधर भागने लगीं। ई-मेल से धमकी मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया। एमरजेंसी स्थिति घोषित कर दी गई।

छात्राओं को खुले मैदान में पहुंचाया गया और कॉलेज को सील कर दिया गया। मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड व सिविल डिफेंस की टीमें पहुंच गईं। बाद में जब पता चला कि यह प्रशासन की मॉकड्रिल है तो छात्राओं ने राहत की सांस ली।

सिविल डिफेंस की टीम ने चीफ वार्डन निर्मल जैन और फायर प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व में पूरे कॉलेज की छानबीन की। कक्षाएं, लैब, लाइब्रेरी, ऑफिस, सभागार हर कोने की गहन तलाशी ली गई।

जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। मॉकड्रिल का मकसद आपात स्थिति में तैयारियों का जायजा लेना था।

मॉक ड्रिल में फायरमैन लिफ्ट, चेयरमैन नॉट, स्ट्रेचर और स्लाइडिंग जैसी तकनीकों से ऊपरी मंजिलों से घायलों को निकालने, प्राथमिक इलाज देने और सुरक्षित जगह पहुंचाने की प्रैक्टिस की गई। सिविल डिफेंस के डिप्टी कंट्रोलर नयन गौतम ने बताया- छात्राओं में किसी तरह का डर या अफरा-तफरी नहीं फैलने दी गई। सभी को व्यवस्थित तरीके से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

कॉलेज के डायरेक्टर संजय अरोड़ा ने कहा- छात्राओं की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सिविल डिफेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस और पूरे स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

उन्होंने अभिभावकों और छात्राओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की।

कॉलेज प्रशासन ने कहा- भविष्य में ऐसी धमकी या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नियमित मॉक ड्रिल, सुरक्षा प्रशिक्षण और साइबर निगरानी को और मजबूत किया जाएगा। छात्राओं, अभिभावकों और आमजन से अपील की गई है कि शांति बनाए रखें, संयम बरतें और सिर्फ आधिकारिक अपडेट पर विश्वास करें।

# महिला से छीने गहने और नकदी वारदात का खुलासा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** मैरिज पैलेस के सामने से एक बुजुर्ग महिला के हाथ से पर्स छीनने की वारदात का खुलासा हो गया है। सदर पुलिस ने सेतिया फार्म गली नंबर 9 निवासी 25 वर्षीय साहिल तुली पुत्र सतपाल तुली को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई निहाल बिश्नोई ने बताया कि यह वारदात 14 अप्रैल को हनुमानगढ़ रोड के एक मैरिज पैलेस के सामने हुई थी। पीडि़ता वरिष्ठ नागरिक रामदेव कॉलोनी निवासी ललिता शर्मा ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था।

पीडिता ने बताया कि वह बारात के सबसे पीछे चल रही थी। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक आए और पर्स छीन कर भाग गए। छीने गए पर्स में 40 ग्राम सोने के गहने तथा 3500 रुपए की नगदी, एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, चैक बुक आदि सामान था। जांच अधिकारी एएसआई बिश्नोई ने बताया कि आरोपी साहिल तुली चोरी और छीनाझपटी से ही अपना जीवन यापन करता है।

# कॉज लिस्ट जारी होने से अधिवक्ताओं में भड़का आक्रोश

■ इस मुद्दे पर आगामी रणनीति तय करने के लिए आज दोपहर जोधपुर में वकीलों की एक आपात संयुक्त बैठक में स्वैच्छिक कार्य बहिष्कार के निर्णय लिया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन द्वारा महीने के दो शनिवार को वर्किंग डे घोषित करने के निर्णय पर जोधपुर मुख्यपीठ में वकीलों और हाईकोर्ट प्रशासन के बीच टकराव बढ़ गया है। शनिवार के लिए कोर्ट प्रशासन द्वारा कॉज लिस्ट जारी करने के बाद वकीलों ने कड़ा विरोध जताया है। इस मुद्दे पर आगामी रणनीति तय करने के लिए आज दोपहर जोधपुर में वकीलों की एक आपात संयुक्त बैठक बुलाई गई। इसमें सर्वसम्मति से शनिवार को स्वैच्छिक कार्य बहिष्कार के निर्णय लिया गया है।

वकीलों के ताजा विवाद का कारण हाईकोर्ट प्रशासन द्वारा शनिवार के लिए जारी की गई कॉज लिस्ट है। वकीलों का कहना है कि उन्होंने इस निर्णय का पहले भी विरोध किया था, जिसके बाद एक कमेटी गठित की गई थी। आरोप है कि कमेटी के निर्णय या रिपोर्ट को वकीलों के साथ साझा किए बिना प्रशासन ने एकतरफा तरीके से शनिवार को कोर्ट चालू रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जोधपुर मुख्यपीठ की दोनों वकील संगठनराजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन और राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से अपने सदस्य वकीलों के लिए सूचना जारी की। जिसमें शनिवार को कार्य दिवस घोषित किए जाने के विरोध स्वरूप और आगामी रणनीति तय करने के लिए दोनों एसोसिएशन की कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक आज दोपहर आयोजित होना बताया।

राजस्थान हाईकोर्ट परिसर स्थित एडवोकेट्स चैम्बर्स के तृतीय तल पर एडवोकेट्स एसोसिएशन के सभागार में एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत जोशी, महासचिव डॉ. विजय चौधरी और लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह उदावत व महासचिव डॉ. अरुण कुमार झाझड़िया की मौजूदगी में इस मुद्दे पर मंथन किया गया।

**फुल कोर्ट का निर्णय:** पिछले साल 12 दिसंबर 2025 को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में निर्णय लिया गया था कि पेंडेंसी कम करने के लिए जनवरी 2026 से हर महीने के दो शनिवार को हाईकोर्ट में कामकाज होगा।

वकील इसे व्यावहारिक नहीं मानते हुए विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि शनिवार का दिन वकीलों के लिए केस तैयार करने और अन्य कार्यों के लिए होता है।


**Office of The Urban Improvement Trust, Sawai Madhopur**

क्रमांक :- प.6(1)नविन्या/तकनीकी निविदा/स.मा./2025-26/201 दिनांक :- 22/01/2026

**Notice Inviting Bid (08/2025-26)**

Bids for Civil Work (03) is invited from interested bidders up to 06:00 PM (time) 08-02-2026 (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in** of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 179.86 Lacs.

UBN-USM2526WSOB00024, USM2526WSOB00025 & USM2526WSOB00026

Raj.Samwad/C/25/18387 Executive Engineer

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 22/01/2026

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| e-Tender no. RSMM/CO/GGM (Cont) Cont-17/2025-26 dated 22.01.2026 UBN No. MML2526WSOB00146 | संस्थान की जिला-जैसलमेर राजस्थान में स्थित सानू लाईमस्टोन माईन्स पर विभागीय Crushing & Screening Plant के मरम्मत, रखरखाव व इससे संबंधित कार्य करना। (निविदानुसार)। अनुमानित लागत रू. 14.00 लाख, धरोहर राशि: रू. 28,000/-, निविदा प्रपत्र मूल्य 590/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट **www.rsmm.com/www.sppp.rajasthan.gov.in,** अथवा वरि. प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/18365 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय नगर पालिका मारवाड़ जंक्शन(पाली)**

पंचायत समिति के सामने मारवाड़ जंक्शन-306001

क्रमांक : न.पा.मा.जं./विकास/2025-26/611 दिनांक:-08.01.2026

**: ई-निविदा सूचना :**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका, मारवाड़ जंक्शन जिला पाली के विकास शाखा की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त निविदा सम्बंधित विस्तृत जानकारी पालिका के नोटिस बोर्ड अथवा वेब पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है, जिसके यू.बी.एन. नम्बंर निम्नानुसार है :-

DLB2526WSRC30186

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका,मारवाड़ जंक्शन

राज.संवाद/सी/25/18337

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**

फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in

क्रमांक : न0परि0क0/निविदा/2025/4806 दिनांक : 21.01.2026

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना संख्या 4263 दिनांक : 19.12.2025 की तिथिओं में निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 22.01.2026 समय 6:00 पीएम तक | 05.02.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 23.01.2026 समय 1:30 पीएम तक | 06.02.2026 समय 02:00 पीएम तक |

राज.संवाद/सी/25/18404 आयुक्त, नगरपरिषद, करौली

**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**

D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in

Ref. No. : F-8() RMSC/EPM/M-3/NIB-881/2025-26/1565 Dated :- 21/01/2026

**Corrigendum / Addendum**

Bid for item X-Ray Machine (500 ma) (NIB-881) are invited from interested bidders up to Date: 09/02/2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website **https://sppp.rajasthan.gov.in** or **www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.**

UBN No. : MSC2526GLOB00068 Executive Director (EPM)

Raj.Samwad/C/25/18373 Rajasthan Medical Services Corporation

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. MANGROL**

File No.1525 **Notice Inviting Bid** Date:-05.01.2026

Bid for "BA-17.00/214.01/2025-26 Per Constituency Rs. 10.00 /15.00 Cr. NP/ML Road Work & Missing Link Work" NIT No. 15/2025-26 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 31.01.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procuremen portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 213.50 lacs.

| क्र.सं. | UBN No. | क्र.सं. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB20037 | 2 | PWD2526WSOB20038 |
| 3 | PWD2526WSOB20039 | | |

(Laxmi Narayan Meena)

DIPR/C/1268/2026 Executive Engineer, PWD Division Mangrol

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD CITY DN, KOTA**

E-mail ID: eccitypwdkota@rediffmail.com & eckotacity.pwd@rajasthan.gov.in, Phone No. 0744-2323038

(Address-PWD Campus, Rajbhawan Road, Nayapura, Kota-324001 (Raj.)

No. F-3/Tender/Tech./2025-26/D-1883 Dated: 13.01.2026

**Notice Inviting Bid**

**(NIT No. 24/2025-26**

Bids for 04 Building work at Kota are Invited from interested bidders upto 06.00 PM of 27.01.2026 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State. The approximate value of the procurement is Rs. 99.65 Lacs. PWD2526WSOB20912 PWD2526WSOB20914 PWD2526WSOB20913 PWD2526WSOB20915

Executive Engineer PWD City Dn. Kota

DIPR/C/979/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुल्तानपुर**

क्रमांक: 2184 **अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या 45/2025-26** दिनांक: 16.01.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्यके लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 27.01.2026 को 06:00 बजे तक।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB021252 | 2 | PWD2526WSOB021253 |
| 3 | PWD2526WSOB021254 | 4 | PWD2526WSOB021255 |
| 5 | PWD2526WSO8021256 | 6 | PWD2526WSOB021257 |
| 7 | PWD2526WSOB021258 | 8 | PWD2526WSOB021259 |
| 9 | PWD2526WSOB021260 | 10 | PWD2526WSOB021261 |

(अंकित बिन्दल)

DIPR/C/1091/2026 अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड सुल्तानपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांक: 3752-3760 **ई-निविदा सूचना संख्या: 11/2025-26** दिनांक: 16.01.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में सडक कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

NIB Code- PWD2526A5209

UBN No.

| | |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB21059 |
| 2 | PWD2526WSOB21060 |

(के.के. मीना) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/1132/2026

**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**

छबड़ा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन, छबड़ा (राज.)

**ऑनलाइन निविदा संख्या: 658 (RVU2526GLOB02073)**

छबड़ा सुपरक्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट की यूनिट संख्या 6 (660 MW) के बॉयलर में प्रेशर पार्ट हेतु Z-पैनल की आपूर्ति हेतु ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** (ई-निविदा हेतु), **www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl** एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/18348 RVUN/PR-4329 अति. मुख्य अभियन्ता (ओ. एण्ड एम.)

**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**

D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065, E-Mail-edepmrmsc-rj@nic.in

Ref. No. : F-8( ) RMSC/EPM/M-4/NIB-933/2025-26/1564 Dated :- 21/01/2026

**CORRIGENDUM / ADDENDUM**

Bid for item:

1. Deep Freezer, Fowler Bed, Stead Bed, Foot Step, Syringe Infusion Pump, Glucostrip & Pulse Oxymeter (Handheld),
2. White Box (Sharp Container), & Transport Trolley (Wheel Barrow) Reserve for MSE, Rajasthan Only

are invited from interested bidders up to Date: 09-02-2026 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website **https://sppp.rajasthan.gov.in or www.dipronline.org** or **https://eproc.rajasthan.gov.in** or website **http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.**

UBN : MSC2526GLOB00056 Executive Director (EPM)

Raj.Samwad/C/25/18351 Rajasthan Medical Services Corporation

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड बून्दी**

क्रमांक/अ.अ./जनस्वा/खबू/2026-26/2379-92 दिनांक: 13.01.2026

NIT NO-39/2025-26

(NIB Code PHE2526A5312)

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH E-PROCUREMENT SYSTEM**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न कार्य की निविदायें ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in. पर देखी व डाउन लोड की जा सकती है। निर्धारित शुल्क, विस्तृत शर्तो तथा अन्य आवश्यक जानकारी हेतु विस्तृत निविदा www.dipr.rajasthan.gov.in, www.rajwater.gov.in तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है:-

| UBN No. | Availability of tender documents on Web Site | Date & time for online submission of Tender. | Date for physically submission of copy of E-Grass Challan of EMD, RISL, TF & Other Document | Date & Time for bid opening |
|---|---|---|---|---|
| PHE2526W SOB10864 | 21.01.2026 (10:00 AM) to 30.01.2026 (Upto 6.00 PM.) | 21.01.2026 (10:00 AM) to 30.01.2026 (Upto 6.00 PM.) | 02.02.2026 at 1.00PM | 02.02.2026 at 3.00PM |

(हरेन्द्र किराड़) अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

DIPR/C/1059/2026 खण्ड-बून्दी मो.नं.-9887227081

**AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED**

Corporate Identification Number (CIN) - U40109RJ2000SGC016482 (Regd. Office: Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004) Office of The Superintending Engineer (MM) Vidyut Bhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004)

**SHORT TERM / LONG TERM "E" TENDRING INVITING TENDER NOTICE**

"E"- TENDERING ARE INVITED FOR Supply of 33 KV GI PIN TN-2076, 5.0 MVA 33/11 KV POWER T/F TN-2077, LT A.B. CABLE 1x25+25 Sq. MM TN-2078, H/W FOR 11 KV 45 KN B&S TYPE DISC INSULATOR, H/W FOR 11 KV 45 KN T&C TYPE DISC INSULATOR TN-2079, 33 KV PIN INSULATOR TN-2080, 315 KVA 11/0.4 KV DIST. T/F TN-2081, 100 KVA 11/0.4 KV DIST. T/F TN-2082, ISOLATING SWITCHES 33KV/800 A W/O EB, ISOLATING SWITCHES 11KV/400 A W/O EB TN-2083, 16 KVA SINGLE PHASE DIS. TRASFORMER TN-2084, 200/5 LT CT Bar Type, 100/5 LT CT Bar Type TN-2085,11 KV LINE D/P SET FABRICATED STEEL ITEMS, 11 KV S/S SET FABRICATED STEEL ITEMS TN-2086, LT SHACKLE INSULATORS, LT PIN INSULATOR TN-2087, H/W FOR LT SHACKLE INSULATORS TN-2088, 9 meter long 400 Kg PCC Poles TN-2089, PC 3 PHASE LT DISTRIBUTION BOX (10 WAY) TN-2090, Rate Contract for repair of BGP failed CT PT Set TN-2091, 3 Phase Meter With Box TN-2092, 63 KVA 11/0.4 KV DIST. T/F TN-2093, 11 KV XLPE CABLES 185 SQ MM TN-2094, 11 KV HORN GAP FUSE Set With PI TN-2095, 33 KV S/S SET FABRICATED STEEL ITEMS, 33 KV LINE D/P SET FABRICATED STEEL ITEMS, 33 KV CROSS ARM FABRICATED STEEL ITEMS TN-2096, 100/5 0.5s class CT 15 VA PT 50 VA CT PT Set 33 KV, 50/5 0.5s class CT 15 VA PT 50 VA CT PT Set 33 KV, 30/5 0.5s class CT 15 VA PT 50 VA CT PT Set 33 KV TN-2097, LT PVC ARMOURED CABLE 4C X 16 Sq. MM, LT PVC ARMOURED CABLE 4C X 10 Sq. MM, LT PVC ARMOURED CABLE 4C X 6 Sq. MM TN-2098, Rate Contract for purchase of TC Fuse Wire TN-2099, 3.15 MVA 33/11 KV POWER T/F TN-2100, 25 KVA SINGLE PHASE DIS. TRASFORMER TN-2101, CONTROL CABLE 12Cx2.5 SQMM, CONTROL CABLE 2 Cx2.5 SQMM, CONTROL CABLE 4 Cx2.5 SQMM TN-2102, METER BOXES IRON HT TYPE, METER BOXES IRON MIP TYPE TN-2103, 33 KV CIRCUIT BREAKERS KIOSK O/D TN-2104, SINGLE CORE Unarmoured CABLE 1Cx300 SQ MM, SINGLE CORE Unarmoured CABLE 1Cx185 SQ MM, SINGLE CORE Unarmoured CABLE 1Cx120 SQ MM, SINGLE CORE Unarmoured CABLE 1Cx70 SQ MM TN-2105, 500 KVA 11/0.4 KV DIST. T/F TN-2106, RABBIT ACSR CONDUCTOR TN-2107, 7/10 SWG G.I STAY WIRE, 7/8 SWG G.I STAY WIRE TN-2108, LT PVC ARMOURED CABLE 2 C X 4 SQ MM TN-2109, Rate Contract for purchase of Cable Jointing Kit TN-2110, Rate Contract for repair of BGP failed Power Transformers TN-2111, EMD and date of uploading /opening of tender and G.C.C. etc WILL be available at web site **www.avvnl.com & http://eproc.rajasthan.gov.in.**

Superintending Engineer (MM)

Raj.Samwad/C/25/18363 AVVNL, Ajmer

**MBM UNIVERSITY, JODHPUR**

(Central Store)

No. : MBMU/OIC/2025-26/1341 Date :- 19/01/2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids are invited from interested eligible and experienced vendors/suppliers for the supply/provision of the following items/services at MBM University, Jodhpur. All other particulars of the bid may be visited on the portal **sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajasthan.gov.in and www.mbm.ac.in.**

1. Bids vide UBN No: MBM2526WSOB00081 Tender No.64/2025-26 for "Tender for Turnkey Execution of Audio-Visual Systems, Lighting, Video Wall, Air Conditioning, Civil, Flooring and Aluminium Partition Works for Auditorium in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹210.00 Lakh. rupees and last date of bid submission 09.02.2026, 12:00 Noon.
2. Bids vide UBN No: MBM2526GSOB00082 Tender No.56/2025-26 for "Supply of Chemical and Glassware for Chemical Department" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹07.25 Lakhs and last date of bid submission 27.01.2026 12:00 Noon.
3. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00084 Tender No.63/2025-26 for "Equipment's for ECE Department" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹32.00 Lakhs and last date of bid submission 30.01.2026 12:00 Noon.
4. Bids vide UBN No: MBM2526GSOB00085 Tender No.65/2025-26 for "Supply of Laptop and Printer for Architecture and Town Planning Department" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹04.00 Lakhs and last date of bid submission 27.01.2026 12:00 Noon.
5. Bids vide UBN No: MBM2526GLOB00083 Tender No.59/2025-26 for "Equipment for Mechanical Workshop for Mechanical Department" in MBM University, Jodhpur (UNDER PM USHA) with estimated amount ₹47.00 Lakhs and last date of bid submission 30.01.2026 12:00 Noon.
6. Bids vide UBN No: MBM2526GSLB00088 Limit Tender No.07/2025-26 for "65-inch Interactive Display" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹01.50 Lakhs and last date of bid submission 27.01.2026 12:00 Noon.
7. Bids vide UBN No: MBM2526SSLB00086 Limit Tender No.08/2025-26 for "Tent service provide for Organizing Nacho MBM 2025-26" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹01.50 Lakhs and last date of bid submission 26.01.2026 12:00 Noon.
8. Bids vide UBN No: MBM2526SSLB00087 Limit Tender No.09/2025-26 for "Sound service provide for Organizing Nacho MBM 2025-26" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹1.30 Lakhs and last date of bid submission 26.01.2026 12:00 Noon.
9. Bids vide UBN No: MBM2526GSLB00089 Limit Tender No.10/2025-26 for "Printing Work provide for Organizing Nacho MBM 2025-26" in MBM University, Jodhpur with estimated amount ₹1.30 Lakhs and last date of bid submission 26.01.2026 12:00 Noon.

Raj.Samwad/C/25/18350 OIC-Central Store

**कार्यालय नगर निगम अलवर (राजस्थान)**

क्रमांक: ई-ऑक्शन/2026/15985 दिनांक: 19.01.2026

**ई-ऑक्शन (विज्ञापन ठेके) विज्ञप्ति सं. 01/2025-26**

नगर निगम अलवर द्वारा निगम क्षेत्राधिकार में सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न प्रकार के विज्ञापन ठेको की ई-नीलामी ई-ऑक्शन पोर्टल (https://lsgeauction.rajasthan.gov.in) पर निम्नानुसार किया जाना है: -

| क्र. सं. | ठेके का नाम | विज्ञापन साईट संख्या | न्यूनतम बोली राशि (एक वर्ष के लिए) | ई-नीलामी अमानत राशि | ई-ऑक्शन पोर्टल पर अमानत व भागीदारी शुल्क जमा कराने की दिनांक व समय | ई-नीलामी बोली की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DBOM आधार पर नगर निगम क्षेत्र में **यूनीपोल साईट्स सं. 10** पर विज्ञापन प्रदर्श ठेका (समयावधि - 5 वर्ष) | 10 | 45,79,740 रूपये + नियमानुसार जीएसटी | 1,50,000/- | 21.01.2026 से 31.01.2026 सायं 06:00 तक | 21.01.2026 से 31.01.2026 को सुबह 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक |
| 2 | DBOM आधार पर नगर निगम क्षेत्र में **यूनीपोल साईट्स सं. 8** पर विज्ञापन प्रदर्श ठेका (समयावधि - 5 वर्ष) | 8 | 9,43,759 रूपये + नियमानुसार जीएसटी | 50,000/- | 21.01.2026 से 31.01.2026 सायं 06:00 तक | 21.01.2026 से 31.01.2026 को सुबह 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक |
| | **प्रत्येक ठेके हेतु पृथक-पृथक ई-नीलामी भागीदारी शुल्क 2000/-रू देय होगा।** | | | | | |

1. इच्छुक बोली दाता ई-ऑक्शन पोर्टल पर पंजीयन कराकर विज्ञप्ति कार्यक्रम अनुसार ई-नीलामी मे भाग ले सकते है।
2. ई- नीलामी के अंतिम 05 मिनट में कोई बोली लगने पर ई-नीलामी समय अवधि में 15 मिनट की वृद्धि हो जायेगी।
3. ई-नीलामी की शर्तो व विज्ञापन साईटस की सूची का अवलोकन ऑनलाईन या किसी भी कार्यादिवस में नगर निगम के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. ई-ऑक्शन कार्यक्रम, शर्ते, अमानत राशि, भागीदारी राशि तथा ई-नीलामी बिजनेस रूल्स आदि की जानकारी ई-नीलामी पार्टल/वेब साईट https://lsgeauction.rajasthan.gov.in तथा https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
5. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा जानकारी हेतु राजस्व शाखा में सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/18388 आयुक्त

# इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत कर निवेश बढ़ाने पर है पूरा फोकस : शिखर अग्रवाल

## रीको चेयरमैन ने रेजिडेंशियल कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप में अधिकारियों को संबोधित किया



रीको अध्यक्ष शिखर अग्रवाल

- कार्यशाला में रीको अधिकारियों को मिला औद्योगिक विकास के नए आयामों का प्रशिक्षण
- 50 हेक्टेयर तक के औद्योगिक क्षेत्रों को इंडस्ट्रियल ग्रोथ पार्क तथा इससे अधिक हेक्टेयर वाले क्षेत्र रीको इकोनोमिक एवं इनवेस्टमेंट जोन कहा जायेगा : शिवांगी स्वर्णकार

**जयपुर ( कासं )।** रीको की ओर से आयोजित दो दिवसीय रेजिडेंशियल कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का शुक्रवार को समापन हुआ। वर्कशॉप रीको के इकाई कार्यालयों एवं उप-इकाई कार्यालयों के प्रभारियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर से 80 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। वर्कशॉप में अधिकारियों को अपने-अपने औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, उद्यमी-अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में रीको अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि रीको की कार्यप्रणाली में निरंतर नवाचार आवश्यक है।

औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्यिमयों को नीतियों का त्वरित लाभ मिले, अधिकारियों का व्यवहार सहयोगात्मक हो तथा इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो, यही रीको की पहचान बननी चाहिए।

उन्होंने कहा कि रीको औद्योगिक क्षेत्रों में वेस्ट एंड एफ्यूलेंट मैनेजमेंट का समुचित निस्तारण, सीईटीपी की प्रभावी मॉनिटरिंग, विद्युत एवं जल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था का ध्यान रखा जाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्यों को तेजी से पूरा करने पर भी बल दिया।

रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी वर्कशॉप्स का मुख्य उद्देश्य नॉलेज शेयरिंग होता है। अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र में किए गए नवाचारों, चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा से सभी को सीखने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि रीको के अधिकारियों की कार्यशैली और व्यवहार से ही रीको की छवि बनती है। इस हेतु अधिकारियों को उद्यिमयों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर ध्यान देना चाहिए।

वर्कशॉप के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें रीको डिस्पोजल ऑफ लैंड रूल्स 1979 में किए गए संशोधनों, ऑनलाइन मॉड्यूल्स, सिविल एवं पावर वर्क्स में गुणवत्ता नियंत्रण एवं राजस्व एवं नगरीय निकायों से संबंधित भूमि आवंटन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को फील्ड विजिट भी कराई गई, जिससे व्यावहारिक अनुभव मिल सके।

रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने यह भी बताया कि रीको द्वारा विकसित सभी औद्योगिक क्षेत्रों के नाम में एकरूपता व स्पष्टता लाने एवं स्ट्रेटेजिक ब्रांडिंग करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि जिन औद्योगिक क्षेत्रों का क्षेत्रफल 50 हेक्टेयर तक है, उन्हें इंडस्ट्रियल ग्रोथ पार्क कहा जाएगा तथा जिन औद्योगिक क्षेत्रों का क्षेत्रफल 50 हेक्टेयर से अधिक है, उन्हें रीको इकोनोमिक एवं इनवेस्टमेंट जोन कहा जाएगा।

# प्रेम प्रसंग से नाराज युवती के परिजनों ने किया हंगामा

**जयपुर ।** सदर थाना इलाके में स्थित हसनुपरा इलाके प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद युवती के परिजनों ने पूरे मौहल्ले में जमकर उत्पात मचाया। युवती के परिजनों के आवेश को देखते हुए पूरे मौहल्ले में हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि हसनपुरा में आस-पडौस में रहने वाले युवक-युवती के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेम-प्रसंग के चलते प्रेमी युगल घर छोडकर भाग गया। इसी बात को लेकर युवती के परिजन नाराज हो गए। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे लडकी पक्ष के दर्जनभर युवक एक साथ इकट्ठा हो गए। लड़के के घर के बाहर लाठी-डंडे लेकर पहुंचकर जमकर हुडदंग मचाना शुरू कर दिया। युवती के परिजनों और उनके समर्थकों युवक के घर पर जमकर पत्थराव किया और घर के बाहर खड़ी तीन-चार कारों के शीशे व बाइक में जमकर तोड़फोड की। इस पथराव में तीन जनों को चोट आई। जिन्हें उपचार के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक उपद्रवी फरार हो गये थे।

# एसडीएम के समक्ष लंबित मुकदमें के निस्तारण के लिए वृद्धा को तीन बार आना पडा हाईकोर्ट

## अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी को किया तलब

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण अधिनियम को लेकर 70 साल की वृद्धा के परिवाद का अदालत की ओर से मियाद तय करने के बाद भी एसडीएम की ओर से निर्णय नहीं करने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने परिवाद को एसडीएम द्वितीय सांगानेर से एसडीएम प्रथम में ट्रांसफर करते हुए पीठासीन अधिकारी विकास प्रजापत को 12 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश केसर देवी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि मामले में कोर्ट की ओर से दो बार आदेश जारी की लंबित परिवाद को तीस दिन में तय करने को कहा था, लेकिन पीठासीन अधिकारी ने केवल तारीख देने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की। अदालत को उम्मीद नहीं थी कि पीठासीन अधिकारी अदालत के आदेश को इस तरह से लेगें। ऐसा लगता है कि पीठासीन अधिकारी अदालती आदेश की पालना में रुचि नहीं रखते हैं। अदालत ने मंशा जताई की ऐसे अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि न्यायालय के आदेश की पालना समाज में व्यवस्था और न्याय बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

याचिका में अधिवक्ता आशीष पूनिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम के तहत अपने बेटे-बहु के खिलाफ एसडीएम द्वितीय सांगानेर के समक्ष मार्च, 2024 में परिवाद दिया था। जिसकी अंतिम बहस नहीं सुनने पर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी। हाईकोर्ट ने 11 नवंबर, 2024 को एसडीएम को एक माह में परिवाद पर निर्णय करने को कहा था, लेकिन एसडीएम ने इस आदेश की पालना नहीं की। इस पर वापस हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इस पर हाईकोर्ट ने गत 15 मई को एक बार फिर एसडीएम को एक माह में निर्णय करने करने के साथ ही अधिकारी को चेतावनी भी दी। इसके बावजूद एसडीएम ने फिर भी कार्रवाई नहीं की। याचिका में कहा गया कि अदालत ने पूर्व में आदेश जारी कर एसडीएम से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन उसके जवाब से अदालत संतुष्ट नहीं हुई। एसडीएम ने हाईकोर्ट को कहा था कि गत 17 नवंबर तक निर्णय किया जाएगा, लेकिन उसके बाद भी छह बार मामले पर सुनवाई टाली गई। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए संबंधित एसडीएम को तलब करते हुए विचाराधीन परिवाद को एसडीएम प्रथम में स्थानांतरित कर दिया है।

# सलमान खान के हस्ताक्षरों की नहीं होगी एफ.एस.एल. जांच

## राज्य उपभोक्ता आयोग ने लगाई रोक

- राजश्री पान मसाला के भ्रामक विज्ञापन से जुड़ा मामला

**जयपुर।** राज्य उपभोक्ता आयोग ने राजश्री पान मसाला के भ्रामक विज्ञापन से जुडे मामले में कोटा जिला उपभोक्ता आयोग के गत 26 दिसंबर के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत जिला आयोग ने मामले में पेश जवाब और वकालतनामा सहित अन्य दस्तावेजों पर सलमान खान की ओर से किये हस्ताक्षरों की प्रमाणिकता की जांच एफएसएल से कराने को कहा था। इसके साथ ही आयोग ने मामले में शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए प्रकरण को सुनवाई के लिए राज्य उपभोक्ता आयोग की कोटा सर्किट बेंच में भेज दिया है। आयोग ने यह आदेश राजश्री पान मसाला की ओर से दायर रिवीजन याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

रिवीजन में अधिवक्ता देवेश शर्मा ने आयोग को बताया कि मामले में इन्द्रमोहन सिंह ने कोटा जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद पेश कर सलमान खान पर राजश्री पान का भ्रामक विज्ञापन करने का आरोप लगाया था। जिसमें सलमान खान की ओर से अपना जवाब और वकालतनामा पेश किया था। इसे शिकायतकर्ता ने यह कहते हुए चुनौती दी थी कि दस्तावेजों पर सलमान खान के हस्ताक्षर नहीं है। वहीं दूसरी ओर रिवीजनकर्ता ने परिवाद पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी।

जिला आयोग ने परिवाद पर आपत्तियों की सुनवाई करने के बजाए सलमान खान के हस्ताक्षरों की जांच एफएसएल से कराने के आदेश दे दिए। रिवीजन में कहा गया कि सलमान खान पान मसाला नहीं, इलाइची का विज्ञापन कर रहे हैं। मामले के परिवादी ने समान परिवाद विमल ब्रांड के खिलाफ भी किया था, उसमें इलायची का ही विज्ञापन किया जा रहा था। उस परिवाद को परिवादी ने वापस ले लिया था। इसके अलावा रिवीजन कर्ता ने जिला आयोग में परिवाद पर आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसे तय करने के बजाए जिला आयोग ने अनावश्यक रूप से सलमान खान के हस्ताक्षरों की जांच के आदेश दे दिए। रिवीजन में कहा गया कि अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचने के लिए रिवीजन कर्ता और सलमान खान के बीच एक एग्रीमेंट किया है, जिसके तहत रिवीजन कर्ता जिला आयोग के आदेश से प्रभावित पक्षकार है। इसलिए जिला आयोग के आदेश को निरस्त किया जाए।

# गणतंत्र दिवस पर आईपीएस संदीप सिंह चौहान महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क से होंगे सम्मानित



**जयपुर ।** आगामी 77 वें गणतंत्र दिवस के गौरवमयी अवसर पर राजस्थान पुलिस और गृह रक्षा विभाग के एक जांबाज अधिकारी की सेवाओं को विशेष पहचान मिलने जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक गृह रक्षा संदीप सिंह चौहान आईपीएस को उनके उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड और विभाग के प्रति अद्वितीय समर्पण के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। संदीप सिंह चौहान को यह सम्मान उनके पदस्थापन के दौरान राजकार्यों को व्यक्तिगत लगन और अद्वितीय समर्पण के साथ संपादित करने के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने विभाग के स्वयंसेवकों के नियोजन में वृद्धि करने और गृह रक्षा विभाग के विकास कार्यों को पूर्ण निष्ठा व कर्तव्य-परायणता के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी इन्हीं विशिष्ट उपलब्धियों के फलस्वरूप विभाग ने उन्हें इस सर्वोच्च सम्मान के लिए चुना है। 77 वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान महानिदेशक एवं महासमादेष्टा गृह रक्षा राजस्थान मालिनी अग्रवाल द्वारा उन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा। आईपीएस संदीप सिंह चौहान को महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क एवं महानिदेशक प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की जाएगी।

# हैड कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने एक नाबालिग छात्रा को परेशान करने के आरोप में हैड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी कांस्टेबल सस्पेंड था और नाबालिग को क्रिकेट में आगे बढ़ाने और अच्छी प्रेक्टिस करवाने की मदद के बहाने आए दिन परेशान कर रहा था। आरोप है कि कांस्टेबल फिजिकल रिलेशन बनाने का दबाव भी बना रहा था।

# बहुचर्चित एकल पट्टा प्रकरण में एसीबी को अग्रिम जांच की अनुमति मिली

## अदालत ने मामले में पेश तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति वापस लेने के पेश प्रार्थना पत्र को विड्रो करने के लिए राज्य सरकार की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को खारिज किया

**जयपुर ( कासं )।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने प्रदेश के चर्चित एकल पट्टा प्रकरण में एसीबी को अग्रिम जांच के आदेश दिए हैं। वहीं अदालत ने मामले में पेश तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति वापस लेने के पेश प्रार्थना पत्र को विड्रो करने के लिए राज्य सरकार की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि साल 2021 में कोर्ट उस प्रार्थना पत्र को खारिज कर चुकी है। ऐसे इसे वापस लेने की जरूरत ही नहीं है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय एसीबी ने पूर्व मंत्री शांति धारीवाल को क्लीन चिट दी थी। वहीं पूर्व आईएएस जीएस संधू सहित अन्य अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति वापस लेने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र पेश किया था। जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। वहीं अब विस्तृत जांच के निर्णय के बाद एसीबी ने ट्रायल कोर्ट से अनुमति मांगी थी। मामले के अनुसार जेडीए ने जून, 2011 में गणपति कंस्ट्रक्शन के मालिक शैलेन्द्र गर्ग के नाम पर एकल पट्टा जारी किया था। साल 2013 में इसकी शिकायत एसीबी में की गई। जिसके कार्रवाई करते हुए एसीबी ने तत्कालीन एसीएस जीएस संधू, उपायुक्त निष्काम दिवाकर, ओंकारमल सैनी और शैलेन्द्र गर्ग सहित अन्य की गिरफ्तारी की थी। वहीं मई, 2013 में एकल पट्टे को निरस्त भी कर दिया गया। वहीं पूर्ववर्ती सरकार के समय एसीबी ने क्लोजर रिपोर्ट पेश की और अफसरों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने का प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। वहीं हाईकोर्ट ने जनवरी, 2023 में इन अफसरों को राहत दी। इस आदेश के खिलाफ अशोक पाठक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर, 2024 को हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर हाईकोर्ट के सीजे को मामले की सुनवाई करने को कहा था।

# दूसरी अवमानना याचिका खारिज, एक लाख का लगाया हर्जाना

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने से जुडे मामले में दायर दूसरी अवमानना याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर दायर की गई है। ऐसे में इस पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया जाता है। जस्टिस सुदेश बंसल और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ ने यह आदेश नेकीराम व अन्य की अवमानना याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि पूर्व में अवमानना याचिका खारिज हो चुकी है, ऐसे में दूसरी याचिका दायर करना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। मामला झुंझुनूं के चिडावा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों की चारागाह भूमि पर अतिक्रमण से जुडा है। जिसमें कई मामले में हाईकोर्ट की रोक चल रही है।

# जनता बनी पुलिस की आंख और कान : राजीव शर्मा

**जयपुर ( कासं )।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय की कम्यूनिटी पुलिसिंग शाखा ने समाज के विभिन्न वर्गों को पुलिस के साथ जोड़कर एक अभेद्य सुरक्षा चक्र तैयार किया है। वर्तमान में राज्य में सीएलजी मैंबर, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, स्टूडेंट पुलिस कैडेट और सुरक्षा सखियों के रूप में करीब 2.45 लाख वॉलिंटियर्स पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सिविल राइट्स, मानव अधिकार एवं कम्युनिटी पुलिसिंग) लता मनोज कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस अधिनियम 2007 के तहत गठित सामुदायिक सम्पर्क समूह (सीएलजी) आज पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक संवाद का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। राज्य में जिला, थाना और वार्ड स्तर पर कुल 82065 सीएलजी सदस्य सक्रिय हैं। दिसंबर 2025 तक पुलिस ने इन सदस्यों के साथ 29 हजार 158 बैठकें आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान किया है। ईद की नमाज हो या होली-दिवाली के मेले, ये सदस्य सौहार्द बनाए रखने में पुलिस के मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं।

पुलिस मित्र योजना ने पुलिस के प्रति आमजन का नजरिया बदला है। प्रदेश में 40 हजार 867 पुलिस मित्र अपनी स्वेच्छा से यातायात संचालन, नाकाबंदी और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचा रहे हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए 24 हजार 443 ग्राम रक्षकों को सूचीबद्ध किया गया है। ये रक्षक ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त और सूचना संकलन के जरिए पुलिस के सूचना तंत्र को मजबूत कर रहे हैं।महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्थान पुलिस ने सुरक्षा सखी के रूप में क्रांतिकारी पहल की है। वर्तमान में 21 हजार 953 महिलाएं सुरक्षा सखी के रूप में पुलिस और पीड़ित के बीच सेतु का कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ रोकने के लिए राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का गठन किया गया है। यह संवेदनशील पहल न केवल अपराधों पर अंकुश लगा रही है। बल्कि समाज में निर्भीक नारी की संकल्पना को साकार कर रही है।

एडीजी लता मनोज कुमार ने बताया कि महिलाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत दिसंबर 2025 तक रिकॉर्ड 14 लाख 83 हजार 30 महिलाओं व बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# खंडेलवाल समाज एवं गौमाया ने रचा इतिहास

- बिना तेल और घी के 50 से अधिक व्यंजन बनाकर जीरो ऑयल कुकिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

**जयपुर।** स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक जागरूकता की दिशा में खंडेलवाल समाज एवं गौमाया ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए जीरो ऑयल कुकिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ एवं गौमाया के संयुक्त तत्वावधान में टोंक रोड, सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला में शुक्रवार को बसंत पंचमी पर आयोजित इस विशेष आयोजन में बिना तेल और घी के स्वादिष्ट व्यंजनों की अनूठी प्रस्तुति दी गई।

गौमाया फाउंडर डॉ. सीताराम गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

संगठन महामंत्री योगेंद्र लाभी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए, जिनमें किसी भी प्रकार के तेल या घी का उपयोग नहीं किया गया। इन व्यंजनों का स्वाद खंडेलवाल समाज के साथ अन्य समाजों के वरिष्ठ बंधुओं ने भी लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंडेलवाल समाज के बॉलीवुड एक्टर एवं सेलिब्रिटी रोहित खंडेलवाल, दर्शना खंडेलवाल एवं ट्विंकल पाटोदिया उपस्थित रहे। समाज के सहयोगियों में मुकेश ठाकुरिया, संतोष सिंगोदिया, रामेश्वर मामोडिया, सीए घनश्याम खंडेलवाल, विनोद बाजजरगान, विष्णु डगायच, कैलाश चंद माणक बोहरा, सतीश खंडेलवाल, सीए सोनम खंडेलवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा , पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता एवं भाजपा नेता चंद्र मनोहर बटवाडा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। वर्ल्ड रिकॉर्ड की प्रक्रिया में राजा मुकीम एवं डॉ. पी. एम. भारद्वाज व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने आयोजन को अप्रूव करते हुए अपने हाथों से सर्टिफिकेट प्रदान किए, जबकि गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की घोषणा ऑनलाइन की गई। कार्यक्रम में निवर्तमान उपमहापौर पुनीत कर्णावत, वरिष्ठ समाजसेवी नवीन भंडारी एवं राजीव खंडेलवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# फायरिंग के आरोपी रवि मेहरा के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## गंगापोल में पिछले दिनों फायरिंग की वारदात के बाद प्रशासन ने दिखाई सख्ती



नगर निगम की हवामहल-आमेर जोन की टीम ने शुक्रवार को हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।

- नगर निगम ने पूर्व में दिया था अवैध निर्माण हटाने का नोटिस, शुक्रवार को कार्रवाई की

**जयपुर** (कासं)। सुभाष चौक इलाके के गंगापोल में पिछले दिनों हुई फायरिंग की सनसनीखेज वारदात के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत बड़ी कार्रवाई की है। फायरिंग के मुख्य आरोपी और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा (25) के अवैध निर्माण को शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस जाब्ते के बीच बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई हवामहल-आमेर जोन के नगर निगम दस्ते द्वारा की गई। निगम प्रशासन ने बताया कि आरोपी ने मेहरा बस्ती स्थित अपने मकान के आगे सडक सीमा में करीब सात फीट तक अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर रखा था। पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। परंतु पालन नहीं होने पर राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि रवि मेहरा सुभाष चौक थाने का हिस्ट्रीशीटर है और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा है। 19 जनवरी की सुबह गंगापोल इलाके में रवि मेहरा अपने एक साथी के साथ बाइक पर आया था। उसने पड़ोसी युवक पर फायरिंग की थी। गोली युवक के चचेरे भाई को निशाना बनाकर चलाई गई थी। लेकिन निशाना चूकने पर गोली बबलू महावर (30) के पैर में लग गई। इसके बाद से आरोपी फरार है। आरोपित रवि मेहरा के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उस पर ब्रह्मपुरी थाने में 15 और सुभाष चौक थाने में 11 मुकदमे दर्ज हैं।

फायरिंग की घटना के बाद से पुलिस टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे नगर निगम की टीम बुलडोजर और मशीनों के साथ गंगापोल पहुंची। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी में अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

# 'पडौसी की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर महिला ने की खुदकुशी'

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर इलाके में एक महिला ने पडौसी की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर रस्सी के फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। काफी देर तक जब महिला अपने कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर धक्का देकर गेट खोला तो महिला रस्सी के फंदे से झूलती मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर पडौसी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरु की।

एएसआई नरेश कुमार ने बताया की सांगानेर की रहने वाली सुमन चौधरी (37) तरुछाया नगर निवासी ने वर्षीय पड़ोसी की ब्लेकमेलिंग से परेशान होकर रस्सी के फंदे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

बताया जा रहा है कि 15 जनवरी को परिवार के सदस्य बाहर गए थे। पीछे से दोपहर करीब 12 बजे महिला ने अपने कमरे में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाया और उससे लटककर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजन घर पहुंचे तो दरवाजा बंद मिला। काफी प्रयास करने के बाद परिजनों ने धक्का देकर दरवाजा खोला।

# भ्रष्टाचार के अड्डे में तब्दील हुआ टी.बी. हॉस्पिटल : खंडेलवाल

**जयपुर ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने टीबी हॉस्पिटल शास्त्री नगर, जयपुर में तैनात असिस्टेंट अकाउंट अफ़सर विनोद गुप्ता के खिलाफ लगाए गए गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों पर अब प्रशासनिक स्तर पर संज्ञान लिए जाने को बड़ा घटनाक्रम बताया है। गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि उनके द्वारा की गई शिकायत के बाद सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल प्रशासन ने विधिवत जांच समिति गठित कर नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें साक्ष्य सहित उपस्थित होने के लिए बुलाया गया है। यह स्वयं इस बात का प्रमाण है कि लगाए गए आरोप मनगढ़ंत नहीं बल्कि गंभीर और तथ्यात्मक है। खंडेलवाल ने स्पष्ट किया कि विनोद गुप्ता द्वारा खुलेआम रिश्वत की मांग,महीनों तक बिल रोककर रखना, बिल क्लियर होने के बाद भी जानबूझकर भुगतान अटकाना और बिल पास कराने के नाम पर लगातार पैसों की डिमांड एक संगठित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

# देश-प्रदेश की तरक्की में युवाओं की निर्णायक भूमिका है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने वसंत पंचमी एवं नेताजी की जयन्ती पर सरस्वती वंदन, युवा संवाद व मेगा पीटीएम को संबोधित किया

जयपुर, 23 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। देश-प्रदेश की तरक्की में युवाओं की निर्णायक भूमिका है। युवा देश के वर्तमान भी हैं और भविष्य भी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर कदम पर

- **इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर व उदयपुर के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों व शिक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया।**




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर कॉमर्स कॉलेज में आयोजित सरस्वती वंदन, युवा संवाद एवं मेगा पीटीएम को संबोधित किया। इस अवसर पर उनको राजस्थान में 7 नवम्बर 2025 को विद्यालयों में सामूहिक वंदे मातरम गायन के वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर सर्टिफिकेट भेंट किया गया।*

प्रदेश के विद्यार्थियों और युवाओं के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए जयपुर में विदेशी भाषा संचार कौशल स्कूल खोलने की घोषणा भी की।

शर्मा शुक्रवार को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर कॉमर्स कॉलेज में आयोजित सरस्वती वंदन, युवा संवाद एवं मेगा पीटीएम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में 75 लाख विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदना कर शिक्षा की देवी को नमन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर देश की आजादी में योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लाख सरकारी पदों की भर्ती परीक्षा का कैलेण्डर जारी किया गया है। निजी क्षेत्र में करीब ढाई लाख युवाओं को रोजगार मिला है।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि मेगा पीटीएम में मुख्यमंत्री का विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर में जोधपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर, उदयपुर के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों से संवाद किया।

इस दौरान सांसद मंजू शर्मा, राव राजेन्द्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा कुलदीप रांका, शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल सहित, शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## ‘बांग्लादेश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अगर आम चुनाव ऐसे हालात में होते हैं, जब अवामी लीग को चुनाव में हिस्सा लेने से ही रोक दिया गया है, तो अगली सरकार का कट्टर इस्लामी ताकतों के हाथ में जाना तय है। यह भारत के हितों के खिलाफ होगा और पूरे क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति को बदल सकता है।

बांग्लादेश के कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों ने भारत के उत्तर-पूर्व को शेष भारत से काट देने की धमकी भी दी है। इसके लिए वे उत्तर बंगाल के सिलागुड़ी क्षेत्र में स्थित उस संकरे गलियारे को बाधित करने की बात कर रहे हैं, जो उत्तर-पूर्व को देश के बाकी हिस्से से जोड़ता है। इसी वजह से बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रम को लेकर गहरी चिंता बनी हुई है। इस क्षेत्र में अमेरिका के साथ-साथ पाकिस्तान और चीन का दखल, पूर्वी भारत और उत्तर-पूर्व की सुरक्षा व स्थिरता के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। अमेरिकी नीतियों को लेकर बनी पूरी अनिश्चितता और डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए भारी टैरिफ को देखते हुए, भारत अपने पूर्वी पड़ोस में हो रहे घटनाक्रम और अमेरिका की संभावित दखलअंदाजी को लेकर दोहरी चिंता और सतर्कता की स्थिति में है।

## ‘चीन के पास फ्री पास था ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाजारों पर निर्भर हैं, उनके मुकाबले भारत अपनी विशाल और बढ़ती माँग तक एक्सैस (पहुँच) देता है। इससे भारत कमजोर स्थिति से नहीं, बल्कि मजबूती से बातचीत कर सकता है।

मित्तल ने जोर दिया कि भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में तेजी से हो रहे सुधार से इस लाभ को और मजबूत किया जा रहा है। हाईवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे, बिजली व्यवस्था और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क अभूतपूर्व गति से बढ़ रहे हैं, जिससे उद्योगों की लागत और अड़चनें कम हो रही हैं। उतना ही महत्वपूर्ण है भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचे में शुरुआती निवेश। आधार, यूपीआई और व्यापक इंडिया स्टैक जैसे प्लेटफॉर्म ने भुगतान, पहचान सत्यापन (आइडेंटिटी वैरिफिकेशन) और सेवाओं की आपूर्ति को बदल दिया है। इससे लेन-देन की लागत घटी है और कंपनियों को तेजी से बढ़ने में मदद मिली है। बढ़ते टैरिफ और रैगुलेटरी रूकावटों वाली दुनिया में यह अंदरूनी कुशलता मजबूती पैदा करती है।

मित्तल ने सुझाव दिया कि सार्वजनिक निवेश ने वैश्विक अनिश्चितता के दौर में स्टेबलाइज़र की भूमिका निभाई है। महामारी के बाद जब कई अर्थव्यवस्थाएं झटकों से जूझ रही थीं, तब भारत ने सरकारी पूँजी खर्च का इस्तेमाल करके निजी निवेश को प्रोत्साहित किया और विकास की गति बनाए रखी। इसी कारण भारत वैश्विक व्यापार की रफ्तार धीमी होने और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा।

मित्तल ने कहा, अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर बनी अनिश्चितता, खासकर वॉशिंगटन से बदलते संकेतों के बीच, भारत की संभावनाओं को मूल रूप से नहीं बदलती है। भारत को कड़ी बातचीत और कई बार दंडात्मक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। लेकिन इसका आकार, रणनीतिक महत्व और ग्लोबल सप्लाई चेन के विविधीकरण (डायवर्सिफिकेशन) में इसकी भूमिका इसे नजरअंदाज करना असंभव बना देती है। अंततः संतुलित नतीजे सामने आएंगे, किसी मेहरबानी से नहीं, बल्कि जरूरत के कारण। मित्तल के शब्दों में, भारत इसलिए नहीं जीतेगा कि दुनिया उस पर दयालु है, बल्कि इसलिए जीतेगा, क्योंकि भारत को बाहर रखना व्यावहारिक नहीं है।

दावोस में संदेश साफ था, दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का भारत का रास्ता औटोमैटिक नहीं है, लेकिन यह पूरी तरह संभव है। इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, कौशल और तकनीक में बड़े पैमाने पर लगातार ध्यान देना होगा। साथ ही, भारत को अपनी बातचीत की ताकत पर भरोसा रखना होगा और ज्यादा बंटी हुई, कम उदार वैश्विक व्यवस्था में धैर्य के साथ आगे बढ़ना होगा।

चीन का बिना रोक-टोक निर्यात आधारित विस्तार का दौर भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन मित्तल का मानना है कि भारत का समय अब शुरू हो रहा है, जो किसी “फ्री पास” से नहीं, बल्कि मेहनत से हासिल की गई ताकत और अपरिहार्य वैश्विक महत्व से आकार लेगा।

## अगले ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बचाने और लोगों पर निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहे हैं। एमेज़ॉन ने दिसंबर में अपने वार्षिक एडब्ल्यूएस क्लाउड कंप्यूटिंग सम्मेलन के दौरान अपने नवीनतम एआई मॉडल का प्रदर्शन किया था। एमेज़ॉन के 1.58 मिलियन कर्मचारी है और 30,000 इसका छोटा सा हिस्सा है, लेकिन ये कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यबल का लगभग 10 प्रतिशत है। एमेज़ॉन के अधिकांश कर्मचारी पूर्ति केन्द्रों और गोदामों में काम करते हैं। यह एमेज़ॉन के तीन दशकों के इतिहास में सबसे बड़ी छंटनी होगी। कंपनी ने 2022 में लगभग 27,000 नौकरियाँ कम की थीं।

## उत्तराखंड ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दृश्यता कम होने और रनवे पर बर्फ की मोटी परत जमा होने के कारण सभी उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

## हाई कोर्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कुमार के साथ अपनी मुवक्किल, एक विधवा महिला, के लिए राहत मांगते हुए बहस की थी, जिसका बिजली कनेक्शन 1.30 लाख रुपये के बकाया के कारण काट दिया गया था।

सुनवाई के दौरान, तिवारी ने कहा था कि उनकी मुवक्किल 25,000 रुपये जमा करने के लिए तैयार है, ताकि कनेक्शन फिर से जुड़ सके। लेकिन न्यायमूर्ति कुमार ने पूर्व के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कुल बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करना आवश्यक था। मामला तब हल हुआ जब तिवारी ने अपनी मुवक्किल के 50,000 रुपये जमा करने पर सहमति जताई। लेकिन तिवारी के केस का समापन होने के बाद यह मुद्दा बढ़ गया। जैसे ही कोर्ट ने अगला मामला लिया, न्यायमूर्ति कुमार ने तिवारी द्वारा अपनी दलीलें प्रस्तुत करने के तरीके पर टिप्पणी की। कोर्ट ने फिर झारखंड राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष से, जो कोर्ट में मौजूद थे, वकील के आचरण का संज्ञान लेने को कहा। इस पर तिवारी खड़े हुए, बेंच की ओर बढ़े और जज की ओर इशारा करते हुए कहा, "मैं अपनी तरीके से बहस कर सकता हूँ, आपके तरीके से नहीं, जैसा आप कहते हैं। कृपया ध्यान रखें। किसी वकील का अपमान करने की कोशिश न करें, मैं आपको बता रहा हूँ।"जज ने जवाब “आप यह नहीं कह सकते कि कोर्ट अन्याय कर रहा है।” वकील ने कहा, “क्या मैंने ऐसा कहा?” और जज से लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग देखने को कहा, यह बताते हुए कि वह और कोई वकील था, जिसने यह तर्क दिया था, जिसे न्यायमूर्ति कुमार ने अवमानना माना था।

## आज ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गौरतलब है कि हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ की बैठक में गत 12 दिसंबर को निर्णय हुआ था। जिसमें तय किया गया था कि अदालतों में बढ़ते मुकदमों को देखते हुए हर माह दो शनिवार को मुकदमों की सुनवाई की जाएगी।

## दिल्ली में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर मीडिया में कभी-कभी की गईं आलोचनात्मक टिप्पणियाँ भी शामिल हैं। इन टिप्पणियों के बाद कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी, जिसमें थरूर पर भाजपा में जाने की कोशिश करने के आरोप लगाए गए। लेकिन, थरूर ने पार्टी बदलने के इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया और पिछले साल जून में एनडीटीवी से कहा था कि उन्होंने पार्टी और उसकी विचारधारा के प्रति अपनी निष्ठा 16 साल से बनाए रखी है। उन्होंने कहा था, “प्रधानमंत्री की सराहना भाजपा में शामिल होने का संकेत नहीं है, जैसा कि कुछ लोग दुर्भाग्यवश इशारा कर रहे हैं। यह राष्ट्रीय एकता का बयान है। लेकिन, पार्टी बदलने की बात कभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई। असल में, थरूर और कांग्रेस के बीच तनाव, जिसका भाजपा अक्सर मुद्दा बनाती है, गुरुवार को भी सामने आया। लोकसभा सांसद थरूर ने भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान कोच और पूर्व भाजपा सांसद गौतम गंभीर के साथ एक सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उन्होंने गंभीर की सराहना की कि वे “भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद दूसरा सबसे कठिन काम संभाल रहे हैं।” भाजपा के शहजाद पूनावाला ने इसका जवाब दिया। उन्होंने गंभीर की कोचिंग और रणनीतियों को लेकर क्रिकेट प्रशंसकों की आलोचना तथा प्रधानमंत्री के राष्ट्रहित के कार्यों की विपक्ष द्वारा आलोचना में समानता को रेखांकित किया।

## दुष्कर्म मामले में आरोपी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि घटना के समय वह नाबालिग थी और उसने अपने रिश्तेदार की आईडी से होटल में कमरा बुक कराया था। इसके बावजूद पुलिस ने उस रिश्तेदार से कोई पूछताछ नहीं है। याचिकाकर्ता पीड़िता से हमेशा सार्वजनिक जगह पर टीम के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में मिला था। और यदि पीड़िता के साथ कानपुर में दुष्कर्म हुआ तो उसके बाद वह याचिकाकर्ता के साथ अलग-अलग शहरों में क्यों गई।

पीड़िता के वकील दिवेश शर्मा ने कहा कि पुलिस जांच में साबित है कि दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। इसके अलावा पीड़िता की ओर से बताए होटलों में दोनों के ठहरने का रिकॉर्ड भी मिला है। आरोपी ने मई माह में आईपीएल मैच के दौरान पीड़िता को होटल में मिलने बुलाया था और उसके साथ संबंध बनाए थे। घटना के समय पीड़िता नाबालिग थी तो उसकी सहमति भी कोई मायने नहीं रखती है।

मामले पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के आदेश दिया लेकिन उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है।

## बदरीनाथ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सात अप्रैल को आरंभ होगी। इसका निर्णय परंपरा अनुसार टिहरी गढ़वाल जनपद के नरेंद्र नगर स्थित राजदरबार में महाराजा मनुजेंद्र शाह ने पंचांग पूजा के बाद भगवान बदरी विशाल के कपाट खुलने, भगवान के महाभिषेक में प्रयुक्त होने वाले तिलों के तेल को पिरोने और गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा की तिथि घोषित की।






मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908